
MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे


नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 164 ग्वालियर,23 फरवरी शुक्रवार 2024 पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का होगा अपग्रेडेशन, पीएम मोदी 26 फरवरी को रखेंगे नींव

दिल्ली से सटे साइबर सिटी गुरुग्राम को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक तोहफा मिलने वाला है. गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 26 फरवरी को शिलान्यास करेंगे. गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के बारे में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को रेलवे की अनेक परियोजनाओं का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे. जिसमें गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की योजना भी शामिल है. जिस पर करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे. गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन के बाद विश्व स्तर की सुविधा विकसित की जाएगी. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी देश को रेलवे की हजारों करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे. केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया



कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन दो चरणों में होगा. पहले चरण में करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे और दूसरे चरण में भी करीब इतनी ही राशि खर्च की जाएगी. अपग्रेडेशन कार्य में खास बात यह होगी कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को दो एंट्रियां मिल जाएंगी. अब राजेंद्र पार्क की ओर से भी गुरुग्राम के लोगों को रेलवे स्टेशन के लिए प्रवेश मिलेगा. योजना तैयार की जा रही है कि दौलताबाद फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहन भी सीधे स्टेशन से जुड़ जाएं, इसके लिए रेलवे अधिकारियों की जीएमडीए से वार्ता चल रही है. रेल भूमि विकास प्राधिकरण ने गुरुग्राम स्टेशन के अपग्रेडेशन योजना को तैयार कर रहा है.

**हटेगा सीमेंट यार्ड और मारुति का वाहन यार्ड**-आपको बता दें कि नए अपग्रेडेशन प्लान के अनुसार रेलवे स्टेशन के आसपास कॉलोनी में रहने वाले लोगों की पुरानी मांग है कि सीमेंट यार्ड को हटाने की पूरी हो जाएगी. राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उन्हें कई बार आसपास की कॉलोनी के लोगों की शिकायतें प्राप्त हुई थी कि सीमेंट यार्ड होने के कारण उनके घरों में सीमेंट की धूल आती है और उनको सांस लेने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इसके साथ साथ राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अपग्रेडेशन प्लान में उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सीमेंट यार्ड को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे, जिसे अपग्रेडेशन प्लान में शामिल कर लिया गया है.

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन योजना के तहत करीब 12 लिफ्ट, एस्केलेटर, दो मंजिला फूड कोर्ट, फुट ओवर ब्रिज,मल्टीलेवल पार्किंग, सोलर पैनल आदि लगाए जाएंगे. उन्होंने बताया इसे पूर्व रेलवे की ओर से पटौदी रोड और रेवाड़ी- रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत मिशन के तहत किया था, जिन पर काम शुरू कर दिया गया है.

## कांग्रेस की बात मान कर भी गठबंधन के विनर बन गए अखिलेश यादव, क्या बदल पाएगा इन 17 सीटों का इतिहास?

उत्तर प्रदेश में इंडिया अलायंस के तहत चुनाव लड़ रहे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने बुधवार को गठबंधन का एलान कर दिया. सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं. 17 सीटों की बात पर कांग्रेस पहले ही तैयार हो चुकी है. हालांकि अखिलेश यादव ने कांग्रेस को जो 17 सीट दी है. उसके पीछे भी समाजवादी पार्टी ने अपनी हार-जीत का पूरा ध्यान रखा है. ऐसे में यह कहा जा सकता है जो कांग्रेस 11 सीट पर अलायंस के लिए मन मसोस रही थी, वही 17 सीटों पर जब तैयार हुई तब भी अखिलेश ही अलायंस के विनर कहे जा सकते हैं.बता दें समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को वही सीटें ऑफर की हैं. जहां उसकी स्थिति कमज़ोर है. जब आप इन सीटों पर इतिहास देखेंगे. 17 में से 7 सीट ऐसी है. जिन्हें समाजवादी पार्टी अपने 32




साल के इतिहास में आज तक नहीं जीत सकी. इसके अलावा दूसरी 7 सीटें ऐसी हैं. जहां समाजवादी पार्टी सिर्फ 1 बार जीती और 3 सीट पर सिर्फ 2-2 बार जीती.कांग्रेस उत्तर प्रदेश में रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सहित 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी.

### जैसे श्रवण कुमार ने माता-पिता को तीर्थ यात्र कराई, वैसे ही मैं..., बुजुर्गों से बोले सीएम केजरीवाल



मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 91वें ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. सीएम केजरीवाल ने इस दौरान श्रवण कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उन्होंने अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा कराई थी वैसे ही मैंने अपने माता-पिता को यात्रा कराई. सीएम केजरीवाल ने कहा, 10-15 दिन पहले मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि मैं अपनी पत्नी और माता-पिता के साथ अयोध्या गया और रामलला का आशीर्वाद लिया, मेरे साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान उनकी पत्नी और माता-पिता थे. मेरा एक परिवार है

## यूपी में गठबंधन बचाने की आखिरी कोशिश अखिलेश यादव ने कांग्रेस को ऑफर की 17 सीटें

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी गठबंधन बचाने की आखिरी कोशिश में लगी हुई है. इस बीच खबर है कि सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें ऑफर की हैं.समाजवादी पार्टी की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर 17 सीट देने की बात कही गई है.समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि ÷हमने कांग्रेस को 17 सीट ऑफर की है लेकिन अभी तक उनका जवाब नहीं आया है. इससे पहले सपा ने 11 सीट आफर की थी. हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सपा ने कांग्रेस को कौन सी सीटें ऑफर की हैं. बता दें सपा अब तक 27 सीटों पर प्रत्याशी उतार चुकी है. हालांकि इसमें कुछ



ऐसी सीटें भी हैं जिन पर कांग्रेस भी दावा कर रही है.गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी से गुजरेगी जिसके बाद वह रायबरेली में प्रवेश करेगी. सपा प्रमुख ने पहले कहा था कि वह रायबरेली में राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे.कांग्रेस ने कल रात अमेठी में एक बयान जारी कर कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अमेठी में इस यात्रा में उपस्थित रहेंगे. इससे पूर्व, सपा ने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 11 सीट की पेशकश की थी, जबकि कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने अधिक सीट की मांग की है.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी को करीब दो दर्जन सीट दी जानी चाहिए जहां 2009 के लोकसभा चुनाव में उसने जीत हासिल की थी. समाजवादी पार्टी और कांग्रेस विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में साझीदार हैं. कांग्रेस ने पिछली बार उत्तर प्रदेश में एकमात्र रायबरेली की सीट जीती थी. उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीट हैं

## आयुष्मान भारत योजना में कौन सी बड़ी सर्जरी होती हैं कवर?

किसी भी बीमारी का इलाज कराने जब आप अस्पताल पहुंचते हैं तो वहां इस पर आने वाला खर्च सुनते ही होश उड़ जाते हैं. किसी भी छोटी बीमारी का ठीक से इलाज कराने पर प्राइवेट अस्पतालों में लाखों रुपये चार्ज किया जाता है. यानी गरीब लोगों के लिए अस्पताल में इलाज कराना मुमकिन नहीं है, इसीलिए केंद्र सरकार की तरफ से आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है, जिसमें देश के करोड़ों गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है. आज हम आपको बता रहे हैं कि आयुष्मान भारत योजना में कौन सी बड़ी सर्जरी कवर होती हैं.



**कई बीमारियों का होता है इलाज**-आयुष्मान भारत योजना में पहले 1760 तरह की बीमारियों का इलाज होता था, लेकिन बाद में इससे 196 बीमारियों और सर्जरी को अलग कर लिया गया था. यानी प्राइवेट अस्पतालों में इन बीमारियों का इस योजना के तहत इलाज बंद हो गया. इनमें मोतियाबिंद, सर्जिकल डिलीवरी, और मलेरिया समेत कई बीमारियां थीं.

**करवा सकते हैं ये सर्जरी**-अब बात करते हैं कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कौन-कौन सी सर्जरी आप करवा सकते हैं. इसमें प्रोस्टेट कैंसर, डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट, कोरोनरी आर्टरी बाइपास, पल्मनरी वॉल्व रिप्लेसमेंट, स्कल बेस सर्जरी, टिश्यू एक्सपेंडर, पीडियाट्रिक सर्जरी, रेडिएशन ओंकोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, एंजियोप्लास्टी विद स्टेंट जैसी सर्जरी करवाई जा सकती हैं. ये सर्जरी आप योजना के अंतर्गत आने वाले प्राइवेट अस्पतालों में भी करवा सकते हैं. आंकड़ों के मुताबिक 80 फीसदी से ज्यादा लोग आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों में ही इलाज करवाते हैं, हालांकि बड़े और सभी प्राइवेट अस्पताल इस योजना में नहीं आते हैं.

## इंदौर में दादा के साथ जा रही थी मासूम, अनियंत्रित कार के कुचलने से मौत


मध्य प्रदेश के इंदौर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. इस हादसे में एक अनियंत्रित कार ने मुड़ते समय एक चार साल की बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया. कार की चपेट में आने से बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई. इस हादसे की फुटेज मौके पर लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रोंगटे खड़ा कर देने वाला ये मामला इंदौर के हातोद थाना क्षेत्र स्थित कुमार मोहल्ले का है. जहां बच्ची अपने दादा के साथ के साथ जा रही थी. इस दौरान एक कार सवार ने मासूम बच्ची को कुचल दिया है. रोंगटे खड़े कर देने वाले इस हादसे की फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई है. हालांकि पीड़ित के दादा और अन्य लोगों ने कार सवार का पीछा किया, लेकिन कार सवार मौके से फरार होने में कामयाब हो गया. बच्ची को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

**दादा के साथ जा रही थी बच्ची**-दरअसल, यह पूरा मामला इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र हातोद थाना क्षेत्र के कुमार मोहल्ले का है, जहां पर 4 वर्षीय जैनब नामक बच्ची अपने दादा के कहीं साथ जा रही थी. तभी पीछे से आई एक काले रंग की अनियंत्रित कार ने टर्न लेने के दौरान मासूम जैनब को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में मासूम बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई, इसके बाद ड्राइवर अमानवीयता दिखाते हुए मौके से फरार हो गया.

**आरोपी कार चालक गिरफ्तार**-बच्ची को कार के जरिए मौत के घाट उतारने का दिल दहला देने वाला सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. जिसमें कार चालक के द्वारा मासूम को कुचलने का खौफनाक मंजर कैद हुआ है. फिलहाल मामले में कार चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है

## लाडली बहनों को नहीं करना होगा इंतजार, अगले महीने के इस तारीख को मिलेंगे पैसे

मध्य प्रदेश में लाडली बहनों के लिए खुशखबरी है. अब लाड़ली बहनों को महीने की 10 तारीख का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि उनके खातों में राशि महीने की पहली ही तारीख को आ जाएगी यानी एक तारीख को. इस बात की घोषणा आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही है. जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री



डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस बार होली और महाशिवरात्रि के कारण लाड़ली बहनों के बैंक खातों में राशि 1 मार्च को आएगी. सीएम ने कहा कि हमारी सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है. हमारी लाडली बहनों को अब 10 तारीख का भी इंतजार करने की जरुरत नहीं है. अब लाड़ली बहनों के खाते में महीने की एक ही तारीख को राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी.

**प्रदेश में 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनें**-बता दें प्रदेश में वर्तमान में लाड़ली बहनों की संख्या 1 करोड़ 29 लाख है. हालांकि शुरुआत में लाड़ली बहनों की संख्या 1 करोड़ 32 लाख थी. बाद में इस योजना के तहत नाम नहीं जुड़ पाने की वजह से लाड़ली बहनों की संख्या बढने की बजाए घट ही है. हर महीने अपात्र होने वाली लाड़ली बहनों के नाम स्वत~ ही कटे जा रहे हैं.

## किसानों के दिल्ली मार्च से पहले ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी




दर्शनकारी किसानों ने पांच सालों तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी एजेंसियों के मार्फत दालें, मक्का और कपास की फसलें खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज कर दिया. इसके साथ ही किसानों ने बुधवार को अपने दिल्ली चलो मार्च पर आगे बढ़ने का एलान कर दिया. बुधवार को किसान राजधानी की ओर बढ़ने का प्रयास करेंगे. वहीं पुलिस ये कोशिश है कि, किसानों को राजधानी में एंट्री न करने दी जाए. इसके लिए दिल्ली को किले में तब्दील किया गया है. किसानों के लिए इस सुरक्षा के किले को भेद पाना आसान नहीं होगा.

## एमपी में कल से बदलेगा मौसम, बारिश के साथ पड़ेंगे ओले,

मध्य प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम में एक बार फिस से बदलाव देखने को मिलेगा. मौसम विभाग का कहना है कि 22 फरवरी के बाद से मौसम साफ होने लगेगा, लेकिन बादलों की आवाजाही बनी रहेगी. इस दौरान भिंड, ग्वालियर, दतिया जिले में बूंदाबारी हो सकती है. जबकि भिंड-मुरैना जिले में छोटे आकार के ओले गिरने के संभावना है.मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सेंट्रल छत्तीसगढ़ के ऊपर साइकोनिक सर्कुलेशन बना है, वहीं ट्रफ लाइन गुजर रही है, जिसका असर मध्य प्रदेश के मौसम में साफतौर पर देखने को मिलेगा. अगले 24 घंटे में अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी में हल्की बारिश होने का अनुमान है. इसके बाद मौसम खुल जाएगा और रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है. मौसम विभाग का अनुमान है कि एमपी में अगले कुछ दिनों में बारिश हो सकती है.

**एमपी में तापमान का हाल**-मौसम विभाग के मुताबिक एमपी के सीधी का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम 17.4, पचमढ़ी का अधिकतम तापमान 27.0, न्यूनतम 14.4, रीवा 30.2-14.4, रायसेन 33.4-18.0, खजुराहो 33.2-15.4, खंडवा 32.6-14.0, सतना 32.5-16.4, नौगांव 32.0-16.2, मलाजखंड 30.2-17.5, छिंदवाड़ा 31.4-15.0, सागर 33.6-

## फैकल्टी के डुप्लिकेशन वाले नर्सिंग कॉलेजों पर गिरेगी गाज, हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जज को सौंपी जांच

मध्य प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जुड़े मामले में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है. यह कमेटी उन कॉलेजों के संबंध में कार्रवाई के लिए अपनी सिफारिश देगी, जिनमें सीबीआई जांच में कमियां पाई गई थी. एमपी हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस एके पालीवाल की विशेष खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि जो कॉलेज अयोग्य पाए गए हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए.

कोर्ट ने तीन से अधिक फैकल्टी के डुप्लिकेशन होने पर प्रति फैकल्टी एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं. इस मामले में अगली सुनवाई 22 फरवरी 2024 को होगी. यहां बताते चले कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल बघेल की नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जु?ी जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने विस्तृत आदेश जारी किया है. हाई कोर्ट ने जो कमेटी गठित की है, उसके चेयरमैन हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरके श्रीवास्तव होंगे. इसके अलावा आईएएस राधेश्याम जुलानिया और इंदिरा गांधी नेशनल ट्रायबल विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलपति इसके सदस्य होंगे.

**झूठी रिपोर्ट देने वाले इंस्पेक्टर पर होगी कार्रवाई**-कोर्ट ने जांच कमेटी को सीबीआई जांच में कमियां पाये गये 74 कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई करने का दायित्व सौंपा है. इसके साथ ही कमियों में सुधार के लिए कॉलेजों को समय देना और की गई कमी पूर्ति की पुष्टि करना है. इस कमेटी का काम छात्रों को उपयुक्त पाये गये कालेजों में स्थानांतरित करने की योजना बनाना भी



है. कमीपूर्ति नहीं करने वाले कॉलेजों को तत्काल बंद करने की अनुशंसा करने की जिम्मेदारी भी इसी कमेटी पर होगी. इसके अलावा कॉलेजों का निरीक्षण कर झूठी रिपोर्ट देने वाले इंस्पेक्टर्स के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करना और नर्सिंग शिक्षा में सुधार हेतु नियमों, विनियमों और गुणवत्ता के संबंध में सुझाव देना भी इस कमेटी के जिम्मे सौंपा गया है.

**ये होगा जांच का प्रारूप**-हाई कोर्ट ने सीबीआई के लिए बचे हुए नर्सिंग कॉलेजों की जांच का प्रारूप भी तय किया है. सीबीआई को आवेदन फॉर्म में मान्यता प्राप्त करते समय दर्शाए गए भवन, पते, संसाधन, जियो टैगिंग और भवन किराये का है अथवा स्वयं का, इन सभी तथ्यों को सत्यापित करना होगा.उसके बाद निर्धारित प्रारूप में अपनी जांच रिपोर्ट 3 माह में सौंपनी होगी.

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का जिला सम्मेलन संपन्न

# साधना भदोरिया जिला अध्यक्ष सीमा जाटव को जिला सचिव चुना गया

**महेन्द्र शर्मा उप सम्पादक पुष्पांजलि टुडे**

**भिंड** - दिन शनिवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहाय का ओं का जिला सम्मेलन भिंड मेला के पार्क चौक में किया गया जिसमें जिले भर के मुख्य कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया नई कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष के रूप में साधना भदोरिया जिला महासचिव सीमा जाटव उपाध्यक्ष उषा त्यागी कुसुम राम कुमारी मिश्रा, पुष्पा, सचिव- आरती भदोरिया ममता राजावत सुनीता गुड्डी बाथम ,कोषाध्यक्ष- रेखा श्रीवास्तव एवं सदस्य अलका शर्मा, राखी गुप्ता, उषा यादव ,स्वर्णालता, हीरा ,निशा भदोरिया, उमा ,विनीता ,किरण, श्वेता ,अनीता कौशल एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन का प्रभारी सीटू जिला सचिव अनिल दोनोरिया को बनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायका संगठन की राज्य उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा ने समापन भाषण देते हुए कहा कि केंद्र की सरकार 2014 से लगातार आंगनवाड़ी के बजट में कटौती करती चली जा रही है जिसमें कार्यकर्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं में कमी आती जा रही है जिससे कार्यकर्ताओं को मिलने वाली स्टेशनरी का न मिलना आंगनबाड़ी केदो का भवन भाड़ा समय पर नहीं मिलना यहां तक की कार्यकर्ताओं को समय पर मंडे मानदेय भी नहीं मिल पाता है संगठन के सवाल पर उन्होंने कहा कि देश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन एकमात्र यूनियन है जिसमें कमेटी का चुनाव कार्यकर्ताओं की सहमति से किया जाता है उनके निर्णय निर्णय को अगली कमेटी मान्य करती है उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष आंदोलन के दौरान भिंड में 13 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सस्पेंड किया गया था लेकिन कानूनी प्रक्रिया एवं संगठन के कारण ही सभी कार्यकर्ताओं को पुनः बहाली करवाने का काम संगठन के द्वारा करवाया गया जिससे यह पता चलता है कि हमारा संगठन कार्यकर्ता के लिए हमेशा तत्पर रहता है नई कमेटी को सीटू के जिला कार्यकारिणी की तरफ से डॉक्टर नदीम खान ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं संगठित होकर कार्य करने एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करने की सलाह दी

# मालीपुर चौराहा हल्की बारिश से जल भराव



परेशान आम जनमानस*अंबेडकर नगर के जलालपुर विधानसभा थाना क्षेत्र मालीपुर अंतर्गत ग्राम सभा मालीपुर पोस्ट मालीपुर चौराहा पर तहसीलदार और वीडियो को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन मंडल सचिव बृजेश यादव जी आसाराम यादव जी रामकिशोर बारी यादव रमेश गुप्ता संदीप सोनी आदि लोग मौजूद रहे आपको बता दें कि मालीपुर हल्की बारिश से मालीपुर चौराहा जलालपुर रोड पर पानी भरा होने से आम जनमानस को काफी बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है रोड पर चलते समय जल भराव के कारण गाड़ी मोटर या पैदल चलने वाले यात्रियों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है मालीपुर चौराहे पर नाला ना होने से राहगीरो को जल भराव से लोगों का एक्सीडेंट रोड में गड्ढे बनना आदि कारण से आवागमन में दिक्कत होती है जिसके कारण आज तमाम बाजार वासी एकजुट होकर प्रशासन को लिखित ज्ञापन दिया लोगों में प्रशासन के प्रति काफी नाराजगी देखने को मिली लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने हमारी बातों को नजर अंदाज किया तो हम और भी बड़ी प्रशासनिक कार्यवाही को मजबूर होंगे प्रशासन से विनम्र विनती है कि उक्त समस्या को ध्यान में रखते हुए उचित एवं विधिक

### भक्ति से सरोबर हुई राजस्थानी ढाणी रिसोर्ट , गूंजे दुगला माता के जयकारे


# राजस्थान ढ़ाणी रिसोर्ट में उमड़ा आस्था का सैलाब, झलकी राजस्थान की संस्कृति



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलूरू।** हसरगट्टा स्थित राजस्थानी ढाणी रिसोर्ट में एक शाम दुगला माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इससे पूर्व माता की भव्य झांकी के साथ वरघोड़ा निकाला गया। वरघोड़ा विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस ढाणी के रिसोर्ट पहुंचकर धार्मिक महोत्सव में परिवर्तित हो गया। शाम 6बजे रिसोर्ट में मां दुगला माता का दरबार सचाया गया। रिसोर्ट को विभिन्न लाइटिंग की रोशनी से सजाया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्र से पधारे भजन गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रतुतियां देकर भजन गायकों ने श्रेत्रागणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में मां दुगला माता प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जागरण की शुरुआत की गई। भजन गायक कैलाश पवांर ने मंगलाचरण से संकीर्तन की शुरुआत की। इसके बाद भजनों की अमृत वर्षा से जहां भगवान को रिझाया वहीं सभी भक्तों को अपनी मधुर वाणी से थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में भजन कलाकारों द्वारा दी जा रही एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि माताजी के परम भक्त कृष्ण गौसेवा आश्रम के प्रमुख स्वामी पुखराज महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने देवी देवताओ के नाम पर पुनः उठ खड़ा होना चाहिए, क्युकि आस्था से हि विश्वास बढ़ता है। आयोजनकर्ता सुरेश मुलेवा, हिम्मताराम पंवार, महेंद्र पटेल, महेंद्र मुलेवा ने बेहतरीन तरीके से व्यवस्था प्रदान किया। इस दौरान महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसका लाभ लेकर भक्त भजन संध्या में शामिल हुए।इस अवसर पर टी. दासरहल्ली वडेर के अध्यक्ष धर्मीचंद सोलंकी, उदाराम पंवार एंव समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रवासी राजस्थानी समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन मोहन सीरवी ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया माँ रणकौशला देवी का जन्मोत्सव,हजारो की संख्या में उमड़ा भक्तो का जनसैलाब





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** भिंड जिले के उत्तरप्रदेश की अंतिम सीमा सिरसागण के वीर मलखान की तपोभूमि ग्राम अमाहा क्षेत्र दबोह जिला भिंड में शक्तिपीठ माँ रणकोशला देवी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।आज के दिन देवी माँ की नवीन प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा की गई थी तभी से सभी धर्मप्रेमी शुल्क पक्ष की तेरस को माँ रणकौशला माता का जन्मोत्सव मनाते हैं।वहीँ गुरुवार सुबह से ही भक्तो का मन्दिर पर जाने का सिलसिला शुरू हुआ और देर रात्रि तक चलता रहा।माँ जगतजननी के जन्मोत्सव पर विधिविधान से माता का अभिषेक गया तदोपरांत हवन,पूर्णाहुति,माँ का विशेष मनमोहक श्रृंगार उसके बाद दिव्य महाआरती की गई व 56 भोग भी लगाया गया।जिसके बाद विशाल भण्डारा भी आयोजित हुआ।जिसमें हजारों की संख्या में सन्त,महात्माओं समेत क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों ने प्रसादी ग्रहण की।आपको बता दें कि मां के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मन्दिर प्रांगण में चल रहा था।कथा में अमृत रूपी वर्षा कर परम् पूज्य कथा वाचक रमाकांत जी महाराज के मुखारबिंद से श्रोताओ को कथा का रसपान कराया जा रहा था।जिसमे पारीक्षत के रूप में मप्र के नरवर मे पदस्थ तहसीलदार अमित दुबे के पूज्य पिताजी-माताजी राधामोहन दुबे-रेखा दुबे रहे व चरण सेवक के रूप में तहसीलदार अमित दुबे व उनकी धर्मपत्नी उप पुलिस अधीक्षक दिव्या दुबे सह परिवार मौजूद रही।

**मां की महिमा है अपरम्पार-** यहाँ बता दे कि प्राचीन आल्हा उदल के समय से प्रसिद्ध स्थापित देवी माँ की प्रतिमा सिद्ध मन्दिर रेहकोला देवी के नाम से दूर दराच क्षेत्र में चर्चित हैं यहाँ आज भी भक्तो की मनोकामनाये पूरी होती हैं बृहम महूरत में आज भी नित्य बीर मलखान माँ की आराधना व् पूजा अर्चना करने सुरंग के मुख्य द्वार से आते हैं।इस सुरंग का द्वार सिरसागण से माँ के दरवार तक धरती के अंदर बताया जाता है।मन्दिर के पुजारियो की माने तो यहाँ नित्य मन्दिर में सुबह के समय पूजा की सामग्री पुष्प आदि मन्दिर में अर्पित मिलता है।

**दिन में तीन रूपो में होते हैं माँ के दर्शन-** यहाँ भक्तो को माता दिन में तीन रूपो में भक्तो को दर्शन देती हैं माँ का सुबह के समय अलग रूप होता है।मध्याबकाश के बाद अलग और सन्ध्या के अलग रूप में भक्तो को दर्शन होते हैं।जो लोग सच्चे मन से माँ से अर्जी लगातें हैं संकटहरनी माँ उनकी मनोकामनाये निश्चय ही पूरी करती हैं।साथ ही बता दें कि मन्दिर पर सत्चण्डी महायज्ञ का आयोजन भी कई बार हो चुका है यहाँ उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश व राजस्थान के बिभिन्न जिलो से दर्शनार्थी आते हैं।बर्ष में तीन बार नबमी के दिन बिशाल मेला का आयोजन किया जाता है।जिसमे कई हजारो की संख्या में भक्तगण आते हैं।।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने सेमवती तथा सुखमती का किया सम्मान

*मनेंद्रगढ़ -रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में मंगलवार को क्षेत्रीय सरस मेले में मनेंदगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की दो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। इस मेले में छत्तीसग? के समस्त जिलों से कुल 133 महिला स्वयं सहायता समुह एवं आसाम, उत्तराखंड, बिहार तथा मध्य प्रदेश के सहायता समुह के सदस्य शामिल हुए थे। जिनमें मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसग? राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहायता समुह की 26 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें उत्कृष्ट सकरी महिला श्रेणी में श्रीमती सेमवती विकासखंड ख?गवां, एवं उत्कृष्ट कृषि सखी श्रेणी में श्रीमती सुखमती, विकासखंड भरतपुर को सम्मानित किया गया।

# लाल लाल चुनरी सितारों वाली जिसे ओड़कर आई है मां शेरावाली भजन पर हजारों भक्तों ने झूम कर गुनगुनाया लखबीर सिंह लक्खा का भजन

### भजन संध्या कार्यक्रम में हजारों भक्त डूबे भक्ति में





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। नगर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर बसारा पर इन दिनों धर्म की गंगा बह रही है यहां 10 फरवरी से 14 फरवरी तक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा,15 फरवरी को कलश यात्रा एवं 16 फरवरी से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, कथा व्यास पंडित संतोष शास्त्री वृंदावन धाम के मुखारविंद से निरंतर जारी है। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन समाज सेवक राजा भैया गुर्जर के द्वारा कराया जा रहा है। यहां हजारों की तादात में माता के भक्त प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं एवं रोजाना अलग-अलग मठों, मंदिरों के महंत व पुजारी एवं धर्माचार्य, पहुंच कर अपनी ज्ञान की गंगा से भक्तगणों को अपने संदेश दे रहे हैं। इसी बीच 20 फरवरी को हिंदुस्तान ही नहीं विदेशों में भी भजनों के माध्यम से ख्याती प्राप्त कर चुके, भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा द्वारा कालिका माता मंदिर बसारा पर अपनी भजन गायकी से हजारों भक्तों का मन मोह लिया उन्होंने ÷लाल लाल चुनरी सितारों वाली जिसे ओड़कर आई है मां शेरावाली, ÷मां का चोला है रंगला÷ जैसे अनेक प्रकार के भजनों से पंडाल में मौजूद हजारों भक्तों को झूमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। अभी हाल ही में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान हुए हैं उसी को देखते हुए लखबीर सिंह लक्खा के द्वारा÷सुनो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम मेरी राम जी से कह देना जय सिया राम÷ नामक इस भजन पर पूरा पंडाल राम मय हो गया। आज की श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी विवाह की लीला आयोजित की गई।

**महामंडलेश्वर संतों ने दिया भक्तों को आशीर्वचन-** नगर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर बसारा पर इन दिनों धर्म का ज्ञान प्रफुल्लित हो रहा है यहां कई जगतगुरु एवं महामंडलेश्वर, धर्माचार्य भक्तों को अपनी वाणी से धर्म का ज्ञान दे रहे हैं इसी कड़ी में आज दंदरौआ सरकार के महामंडलेश्वर महांत रामदास महाराज, राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा, महामंडलेश्वर स्वामी अनिलानंद महाराज, महामंडलेश्वर अभी रामदास महाराज महाकाल, ऋषि अजय दास महाराज किन्नर अखाड़ा के संस्थापक, जगतगुरु आनंदेश्वर महाराज, स्थानीय कथा वाचक कविता कुमारी सहित आधा सैकड़ा से अधिक अलग-अलग मठों मंदिरों एवं अखाड़ों के संत शिरोमणी ने भक्त जनों को अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का संचालन महेश उमरैया द्वारा किया जा रहा है।

# गुजरात साहित्य अकादमी द्वाराशेठ एम.एन. हाईस्कूल, पाटन में मातृभाषा व्याख्यान के साथ विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया

### आधुनिक समय में गुजराती और अंग्रेजी का मिश्रण गुजलिस का चलन बढ़ गया है - डॉ. रूपेशभाई भाटिया

**आज समाज में मातृभाषा दिवस मनाना पड़े, इससे अधिक विशेष दु:ख या करुणा क्या हो सकती है! -आचार्य जुझारसिंह सोढ़ा**

**विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. रूपेश भाटिया और जुजार सिंह सोढ़ा मातृभाषा के अवसर पर मातृभाषा पर एक आकर्षक और प्रभावशाली भाषण दिया**





**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गुजरात साहित्य अकादमी, खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियां विभाग-गुजरात, आनंदालय, रोटरी क्लब ऑफ पाटन और उत्तर गुजरात युवक मंडल संचालित*शेठ एम. एन हाईस्कूल, पाटन* के संयुक्त पहल से मातृभाषा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,21 फरवरी 2024 को सुबह 9 बजे सेठ एम. एन। हाईस्कूल परिसरमें आयोजित किया गया. जिसमें श्री अभिनव हाईस्कूल सिद्धपुर के प्राचार्य डॉ. रूपेशभाई भाटिया और पी.पी.जी एक्सपेरिमेंटल हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य जुजारसंग सोढ़ा, उत्तर गुजरात युवक मंडल के कार्यकारी सदस्य श्री मनोजभाई पटेल, पाटन नगर पालिका के नगर सेवक श्री घनश्यामभाई पटेल, पाटन के बी. डी। हाईस्कूल प्राचार्य डॉ.बलदेवभाई देसाई, लायंस क्लबके पूर्व अध्यक्ष श्री प्रदीपभाई बारोट और हारीज के. पी। हाई स्कूलके शिक्षक राजेशभाई ठक्कर, स्कूल के उत्साही प्रिंसिपल श्री धनराजभाई ठक्कर, स्कूल के पूरे शिक्षण स्टाफ और छात्रों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।विद्यालय की छात्राओं ने वंदना एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य धनराजभाई ठक्कर ने किया. सभी का स्वागत किताबों, रूमाल और गुलाब से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री डॉ. रूपेश भाई भाटिया ने कहा कि आजकल हम सभी गुजरेजी के शिकार हो रहे हैं. भाषा को मिश्रित कर दिया गया है. हमें अंग्रेजी भाषा से कोई आपत्ति या विरोध नहीं है। लेकिन अंग्रेजी ने हमारे मानस पर कब्ज़ा कर लिया है। इसलिए हम अपनी मातृभाषा स्पष्ट रूप से नहीं बोल पाते। जिसके कारण हमारे मानस पर अंग्रेजी भाषा का प्रभाव संस्कृति पर पड़ा है। सुबह जल्दी उठने से लेकर हमारी रोजमर्रा की गतिविधियों में अंग्रेजी संस्कृति घर करने लगी है। सुबह सुप्रभातम और जय श्रीकृष्ण की जगह गुड मॉर्निंग, सुबह नाश्ते की जगह नाश्ता और सुबह अल्पाहार, दोपहर को लंच की जगह लंच, स्कूल में खुले कपड़ों की जगह यूनिफॉर्म टाई, शाम को डिनर की जगह गुड नाइट रात्रि में शुभरात्रि आदि से हम जूझ रहे हैं। उसी प्रकार आज के जन्मदिन समारोह के माध्यम से हम पाश्चात्य संस्कृति को अंधा करके अंग्रेजी की गुलामी से बाहर नहीं निकल सकते।भारत के बारह महीनों और भारतीय त्योहारों के नाम अंग्रेजी तारीखों से बदल कर और भारतीय त्योहारों को अंग्रेजी से संक्रमित कर उन्हें धर्म और विज्ञान से दूर कर हम कैसी भावी पीढ़ी का निर्माण करेंगे? वर्तमान समाज को आजके मातृभाषा दिवस के बारे में गहराई से सोचने की जरूरत है। वर्तमान में अंग्रेजी को लेकर समाज में कुछ भ्रांत धारणाएं हैं, जिसके चलते अब बच्चे को किस माध्यम से पढ़ाया जाए? अंग्रेजी किस मानक से और कैसे पढ़ायें? आदि से माता-पिता अनभिज्ञ हैं। जिसे अंग्रेजी मीडियम में डालने के बाद पछताना पड़ता है। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है और बावा बे बगड्या जैसी चाल रची जाती है. अंग्रेजी अच्छे से नहीं सीख पा रहे और गुजराती अच्छे से नहीं सीख पा रहे! कुछ भ्रामक मान्यताएँ जैसे, आधुनिक विकास अंग्रेजी भाषा की सहायता के बिना नहीं होगा, यदि आप विदेश जाना चाहते हैं, तो आपको अंग्रेजी की आवश्यकता है!, दुनिया का ज्ञान अंग्रेजी में है, इसलिए यदि आप अंग्रेजी नहीं जानते हैं, तो आप कैसे सीखेंगे विज्ञान? आदि विषयों को युक्तिसंगत उदाहरणों द्वारा समझाया गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत, उच्च शिक्षा में मातृभाषा और अंग्रेजी पाठ्यक्रमों के महत्व को अब भारत की 12 भारतीय मान्यता प्राप्त भाषाओं में बदल दिया जाएगा और छात्र 12 भाषाओं में से किसी एक में अध्ययन कर सकेंगे। जिससे भविष्य में मातृभाषा को अवश्य ही बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में मातृभाषा के विषय पर हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल का संदेश सुनकर सभी ने अपने आपको धन्य महसूस किया।

विद्यालय की बेटी पटनी स्नेहा ने राग ढाल के साथ गुरुवंदना की गजल गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दूसरे वक्ता थे पी.पी.जी एक्सपेरिमेंटल हाईस्कूल के प्रिंसिपल श्री जुजारसांग सोढ़ा, जो पूरे पाटन जिले में 108 के उपनामसे जाने जाते हैं और विभिन्न सेवा गतिविधियों में अग्रणी हैं, जिन्होंने अपने व्याख्यान में अपनी हास्यशैलीमें मातृभाषा के महत्व को समझाया। . उन्होंने अपने अनूठे अंदाज में गुजराती दोहा और हालरडा सुनाकर छात्रों को गुजराती भाषासे परिचित कराया। इसके अलावा उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषामें होनी चाहिए विषय का हवाला देते हुए कहा कि हम जिस भाषामें हों उसी भाषा में हमें शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। सपना, इसका मतलब है कि हम अंग्रेजी में सपना देखते हैं। हम हमेशा अपनी मातृभाषा में सपना देखते हैं या नहीं, लेकिन हमारी प्रारंभिक शिक्षा उसी भाषा में प्राप्त करना आवश्यक है

# नगर में खुले पड़े है पाइप लाइनों के गड्ढे,दुर्घटना के इंतजार में प्रशासन



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर दबोह में पानी पीने को तरसते वार्डवासी,जिम्मेदार अधिकारी मौन अधिक।जानकारी के लिए बता दे कि नगर के बार्ड 07 में 15 दिनों से पानी का पाईप लाइने खुली पड़ी हुई हैं।जिस बजह से वार्ड 07 में घरों में गन्दा पानी पहुंच रहा है और वार्डवासी टूटी हुई पाइप लाइन का गन्दा पानी पीने को मजबूर है।वार्डवासियो ने बताया गंदा पानी की जानकारी कई बार स्थानीय प्रशासन को कर चुके है लेकिन शिकायत पर आज तक कोई समाधान नहीं हुआ।वहीं बात करें गणेश चौक पर बने पाइप लाइन के गड्ढे की तो रहवासियों ने बताया कि जबसे यह गड्ढा बना है तबसे कईयों बार इसमे जानवरो के साथ साथ इंसान भी गिर चुके है और चोटिल भी हो चुके हैं परंतु नगर परिषद के ढुलमुल रवैये के चलते आज तक कोई सुनवाई नही हुई।रहवासियों ने यह भी बताया कि गड्ढा बनने के बाद लगभग 10 बार गड्ढे के ऊपर डलने वाले जाल का नाप लिया जा चुका है परंतु आज तक उसे कवर न किया गया।इससे तो साफ स्पष्ट है कि नगर परिषद दबोह में शायद जिम्मेदार अधिकारी महोदय अपनी कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए है और किसी बड़े हादसे के इंतेजार में हैं।आपको बता दे कि भारत सरकार भले ही पानी बचाओ अभियान चला रही है लेकिन दबोह नगर परिषद के अधिकारी उसकी खुले आम



धज्जिया उड़ा रहे है।जब पानी लाईन को पानी सप्लाई को सुबह शाम चालू किया जाता है तो टूटी हुई पाईप लाईन से हजारों लीटर पानी सड़को पर फैलता रहता है।एक तरीके से वार्ड 07 के वार्डवासी पानी पीने को तरसते नजर आ रहे है।जब इस बारे में हमारे समाचार प्रतिनिधि ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से सम्पर्क करना चाहा तो उनका फोन नही उठा।आपको बता दें कि सीएमओ महोदय पर अन्य नगर परिषदों का भी चार्ज है जिससे उनपर काम का लोड ज्यादा है।जिसकी वजह से वह दबोह परिषद में भी सप्ताह में केवल 1-2 बार ही आते हैं जिसकी वजह से नगर परिषद में सब काम भगवान भरोसे चल रहे है।

**इनका कहना**

1-नगर परिषद के कर्मचारियों को हादसा होने के बाद कई बार शिकायत की परंतु आज तक गड्ढे को कवर न किया गया,मुख्य बाजार होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**हिमांशु विजपुरिया**
**रहवासी**

2-जब से गड्ढा बना है तबसे खुला पड़ा है,जाल बनने के लिए नाप तो महीनों में कई बार हो चुका परन्तु लग आज तक न पाया।

**अनिल तरसोलिया**
**व्यापारी**

3-मुझे इस बारे में कोई जानकारी नही है अगर ऐसा है तो जल्द से जल्द समस्या दूर की जाएगी।

**शेरे पठान**
**पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 07**

# कलेक्टर मऊगंज ने बीएमओ सहित तीन चिकित्सकों को दिया नोटिस

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरबी चौधरी सहित तीन चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मऊगंज द्वारा 22 फरवरी को प्रात- 10 बजे सिविल अस्पताल मऊगंज के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर डॉ. रेखा सिंघल, डॉ. कुमुद पाठक तथा डॉ. एमडब्ल्यू मंसूरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं। इसी क्रम में कलेक्टर ने बीएमओ डॉ. चौधरी को अस्पताल के प्रबंधक तथा अव्यवस्था के मद्देनजर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निरीक्षण के दौरान बीएमओ अपने घर पर थे तथा अस्पताल में 10 बजे तक चिकित्सक अनुपस्थित पाये गये। डॉ. चौधरी को तीन दिवस में कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिये गये हैं।

# कैंसर शिविर 24 व 25 फरवरी को रीवा में कलेक्टर ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
रीवा में 24 व 25 फरवरी को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम निःशुल्क कैंसर शिविर आयोजित किया गया है। जिला प्रशासन एवं इंदौर फाउंडेशन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शिविर में रीवा जिले के संभावित कैंसर मरीजों का 24 फरवरी को जांच व उपचार किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर आयोजन की अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के



मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जनपद के सीईओ व नगरीय निकाय के सीएमओ निर्देश दिये कि संबंधित बीएमओ से समन्वय स्थापित कर चिन्हांकित कैंसर रोगियों को निर्धारित वाहनों द्वारा रीवा भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जिले में कैंसर के संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सिविल अस्पताल व जिला अस्पताल में की गई जिसमें लभग 1400 मरीज चिन्हांकित हुए जिनका 24 फरवरी को शिविर में उपचार किया जायेगा। उन्होंने शिविर के लिये की गई अन्य सभी तैयारियों व व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली तथा सफलतापूर्वक शिविर सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। बैठक में उपायुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली देव सहित जनपद के सीईओ सीएमओ तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डेंटल एसोसियेशन द्वारा मुख कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन सम्पन्न

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**
आगामी 24 व 25 फरवरी को आयोजित होने वाले कैंसर शिविर से पूर्व भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्या शाखा रीवा द्वारा निःशुल्क दंत एवम मुख कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन सिरमौर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर के समीप किया गया । शिविर में 300 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें से 30 मरीजों में मुख कैंसर के लक्षण मिले। डेंटल एसोसियेशन द्वारा आयोजित शिविर में सचिव डॉ. अमित त्रिपाठी, सह सचिव डॉ. रावेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र तिवारी, सह सचिव डॉ. नीरज गुप्ता ,कोषाध्यक्ष डॉ. हर्षद पांडे, डॉ. नवीन मिश्रा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. नतिन चतुर्वेदी, डॉ. धनेश वर्मा, डॉ. सचिन राय, डॉ. मुकेश यादव, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. एस एन तिवारी, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव एवं समस्त भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्या शाखा द्वारा परीक्षण किया गया।

### संभागीय कैंसर शिविर के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

# कलेक्टर ने कैंसर शिविर के लिए अधिकारी किए तैनात

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
मुख कैंसर तथा स्तन कैंसर की निःशुल्क जाँच एवं उपचार के लिए इंदौर कैंसर फाउण्डेशन एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से रीवा में 24 तथा 25 फरवरी को शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में रीवा संभाग के सभी जिलों के संभावित कैंसर रोगियों की जाँच और उपचार किया जाएगा। शिविर में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारी तैनात किए हैं। सहायक कलेक्टर सोनाली देव को शिविर का नोडल अधिकारी बनाया गया है। कैंसर शिविर में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन को सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार शिविर स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा भी? प्रबंधन के लिए एसडीएम हुजूर वैशाली जैन को तैनात किया गया है। अन्य जिलों से आने वाले व्यक्तियों के आवागमन तथा उपचार व्यवस्थाओं के लिए



समन्वय का कार्य संयुक्त संचालक स्वास्थ्य करेंगे। शिविर स्थल में भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी डॉ केबी गौतम तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सौंपी गई है। हेल्प डेस्क एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे को तथा मुख कैंसर शिविर की संचालन व्यवस्था के लिए संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक को तैनात किया गया है। शिविर में स्तन कैंसर रोगियों की सहायता के लिए सहायक संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह, पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका परते तथा पर्यवेक्षक श्रीमती संध्या त्रिपाठी को तैनात किया गया है। कैंसर शिविर के दौरान शहर में तथा कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में वाहनों की पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था के लिए उप पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा को तैनात किया गया है। शिविर में बाहर से आने वाले डॉक्टरों की लाइजनिंग के लिए नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला को तैनात किया गया है। शिविर में हितग्राहियों के पंजीयन की जिम्मेदारी कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय को सौंपी गई है। विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री नरेन्द्र मिश्रा को तैनात किया गया है। शिविर स्थल में आवश्यक फ्लैक्स, बैनर एवं संकेतक लगाने के लिए उप मीडिया प्रभारी स्वास्थ्य विभाग को तैनात किया गया है। कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को चिन्हित हितग्राहियों को जिला स्तरीय टीम से समन्वय बनाकर शिविर स्थल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है।

### सेमरिया रोड निर्माण की बाधाओं को तत्काल दूर करें - कलेक्टर

# सेमरिया रोड के चौड़ीकरण के लिए अवैध कब्जे हटाएं - कलेक्टर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माणाधीन रीवा-सेमरिया रोड का निरीक्षण किया। रोड में करहिया मण्डी के समीप सीसी रोड बनाने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित एलाइनमेंट के अनुसार सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क के किनारे अवैध रूप से किए गए सभी कच्चे और पक्के निर्माण हटाएं। सड़क निर्माण की सभी बाधाओं को तत्काल दूर करें। निर्माण कार्य से जुड़े हुए तथा प्रभावित पक्षों से संवाद कर निर्माण की कठिनाईयों को दूर करें। जिससे सड़क निर्माण का कार्य पूरा किया जा सके। कलेक्टर ने आमजनता को भी समझाइश देते हुए कहा कि सड़क आमजनता की सुविधा के लिए बनाई जा रही है। निर्धारित सड़क सीमा तक किए गए सभी निर्माण हटा लें।
कलेक्टर ने इसके बाद अमहिया हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री को जर्जर भवन की स्थिति, समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, नायब तहसीलदार यतीश



में पावर हाउस तथा विद्युत मण्डल कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम तथा आवासीय भवनों के आवंटन तथा नजूल भूमि के संबंध में वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के शुक्ला, हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री अनुज प्रताप सिंह तथा अन्य अधिकारी उनके साथ रहे।

# रीवा और मऊगंज जिले की 27 समूहों की मदिरा दुकानों की नीलामी आज



रीवा . रीवा और मऊगंज जिले की 27 समूहों की मदिरा दुकानों की वर्ष 2024-25 के लाइसेंस के लिए दुकानों की नीलामी लॉटरी के माध्यम से 23 फरवरी को की जायेगी। नीलामी की कार्यवाही लाटरी के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में प्रात- 11 बजे आरंभ होगी। इस संबंध में सहायक आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि लॉटरी की कार्यवाही जिला स्तरीय समिति द्वारा की जायेगी।सहायक आयुक्त श्री जैन ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 27 समूहों की मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के लिए वर्ष 2023-24 के वार्षिक मूल्य में 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नवीनीकरण का प्रस्ताव मांगा गया है। नवीनीकरण के लिए जिन मदिरा समूह के प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगें उनके के लिए लॉटरी के माध्यम से नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए आनलाइन और आफलाइन आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। यदि जिले में संचालित कम्पोजिट मदिरा दुकान समूह के लिए आरक्षित मूल्य का 75 प्रतिशत अथवा इससे अधिक राशि का आवेदन पत्र प्राप्त होता तो ऐसी समस्त आवेदित मदिरा समूह का निष्पादन जिला समिति द्वारा पात्र आवेदक को किया जायेगा। आरक्षित मूल्य में 75 प्रतिशत से कम राशि का आवेदन प्राप्त होने पर इसे स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसके बाद समस्त मदिरा समूहों का निष्पादन आरक्षित मूल्य पर ई-टेंडर के माध्यम से किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से सामूहिक विवाह समारोह आज से आरंभ होंगे

### नगर निगम रीवा अन्तर्गत पंचम पैलेस में आज सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**
मुख्यमंत्री कन्यादान तथा निकाह योजना से पात्र कन्या को विवाह के लिए 51 हजार रुपए की राशि दी जाती है। कन्या का विवाह परंपरा के अनुसार विधि विधान से सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराया जाता है। जिले भर में नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने के लिए तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह 23 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। जनपद पंचायत रीवा, नगर निगम रीवा तथा नगर परिषद गोविंदगड़ में 23 फरवरी को एवं जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान तथा नगर परिषद गुड़ में 24 फरवरी को सामूहिक विवाह होंगे। जनपद पंचायत गंगेव तथा नगर परिषद मनगवां में 27 फरवरी एवं जनपद पंचायत नईगड़ी तथा नगर परिषद नईगड़ी में 29 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि जनपद पंचायत तथा नगर परिषद मऊगंज में एक मार्च को एवं जनपद पंचायत तथा नगर परिषद हनुमना में तीन मार्च को सामूहिक विवाह समारोह होंगे। जनपद पंचायत त्योंथर तथा सिरमौर एवं नगर परिषद त्योंथर, चाकघाट, सिरमौर, बैकुण्ठपुर तथा सेमरिया में पाँच मार्च को सामूहिक विवाह समारोह होंगे। जनपद पंचायत जवा तथा नगर परिषद डभौरा में सात मार्च को सामूहिक विवाह समारोह होंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में निर्धारित तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। पात्र कन्याओं को पंजीयन करके अधिक से अधिक कन्याओं को इस योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। सामूहिक विवाह समारोह के लिए भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए सामग्री क्रय तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# चल समारोह निकाल कर विश्वकर्मा समाज ने मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती गुरुवार के दिन नगर में धूम धाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती,

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**
निचला बाजार स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर से विश्वकर्मा समाज द्वारा एक भव्य चल समारोह नगर में निकाला गया चल समारोह का समापन राजीव गांधी चौराहा से होते हुए पुनः निचला बाजार स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर किया गया। चल समारोह का नगर में जगह-जगह फूल



बरसा कर स्वागत किया गया विश्वकर्मा जयंती में गुना जिले सहित अशोक नगर, राजगढ़ जिले से भी समाज बंधु पधारे। चल समारोह में भगवान राधे कृष्ण की सुंदर झांकी बनाई गई जो आकर्षण का केंद्र बनी। विश्वकर्मा समाज मंदिर अध्यक्ष मथरालाल विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि सनातन धर्म में भगवान विश्वकर्मा की जयंती को बहुत अहम माना गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। इस दिन पूरे देश में लोग अपने कार्यस्थलों व घर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं, जिन्हें ब्रह्मांड का पहला वास्तुकार यानी इंजीनियर माना जाता है। वहीं उपस्थित नवयुवक विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष रिंकू विश्वकर्मा ने बताया की भगवान विश्वकर्मा को महादेव का त्रिशूल, सुदर्शन चक्र और कई अन्य दिव्य अस्त्र-शस्त्र बनाने के लिए जाना जाता है।

### गोविन्दगढ़ पुलिस की सराहनीय कार्यवाही

# मुस्कान अभियान के दौरान पिछले 10 दिन में 4 परिवारों की 'मुस्कान' लौटाई

### अलग अलग मामलों में 4 नाबालिग हुए दस्त्याव




**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
गोविन्दगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत से चार अलग-अलग मामलों में गुम नाबालिग बालक /बालिका के अचानक रहस्यमय तरीके से गुम हो जाने पर से गुमशुदा के परिजनों द्वारा थाना गोविन्दगढ रीवा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 18/2024,20/24,154/23,168/23, धारा 363 आईपीसी का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया गुमशुदा/अपहृत नाबालिग बालक/ बालिका की लगातार तलाश पतारसी की जा रही थी,गुमशुदा की पता तलाश के अनुक्रम में थाना प्रभारी गोविन्दगढ शिवा अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के कुशल निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रीवा हिमाली पाठक के कुशल मार्गदर्शन में थाना गोविन्दगढ से पुलिस चार अलग अलग टीम भेजकर गुमशुदा नाबालिड़ /बालक बालिका को कटनी, इंदौर, उन्नाव 6उत्तर प्रदेश8, 6गुजरात8 से दस्तयाब कर रीवा लाया जाकर बाद पूछताछ परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया और परिवारों की मुस्कान उन्हें वापस लौटाई **महत्पूर्ण भूमिका:**थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, एएसआई इंद्रभान सिंह, एएसआई आरजी वर्मा, एएसआई संतोषी सिंह, आर.राहुल पाण्डेय, आर. उपेन्द्र सिंह ,आर. रवि बुनकर, आ.दिवाकर तिवारी, म.आर . शिवानी सिंह, म.आर.गीतांजली झारिया।

# गांजे की सप्लाई चैन को तोड़ने में सफल रहे ADGP के.पी. वेंकटेश्वर राव

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
जिले में लगातार बढ़ रही नशा और अपराधी घटनाओं मे अंकुश लगाने के लिये मध्य प्रदेश सरकार ने बालाघाट में पदस्थ तेज- तर्रार, स्वच्छ छबि,ईमानदार, मानवताबादी 1995 बैच के आई. पी. एस. अधिकारी एडीजीपी श्री वेंकटेश्वर राव को रीवा जोन की कमान सौपी गई.श्री राव ने सितंबर 2021 दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे पदभार ग्रहण किया.रीवा संभाग की भूगोलिक स्थिति समझने के बाद खाका तैयार किया.ष्ठत्नक्क के सामने अपराध मे नियंत्रण के लिये गांजे की बड़ी सप्लाई चैन को समाप्त करना कठिन चुनौती थी क्योंकि बड़े-बड़े तस्कर भोले -भाले बेरोजगार युवाओं को लालच देकर अपने जाल मे फंसाते हैं उनसे तस्करी करवाते हैं इस चैन को तोड़ने के लिए अपनी टीम के साथ मिलकर एक्शन प्लान तैयार किया और ताबड़तोड़ कार्यबाई प्रारम्भ किये.

**90 हजार कुंटल गांजा जप्त किया गया –**



श्री वेंकटेश्वर राव जी के कुशल मार्गदर्शन, उच्च प्रबंधन की बजह से उत्तरप्रदेश बार्डर की सिमाओ पर खास नजर रखी गई रीबा, सतना,सीधी सिंगरौली मे हो रही बड़ी सप्लाई को ध्वस्त करते हुये अपने कार्यकाल मे लगभग 90 हजार कुंटल गांजा जप्त कराया गांजा ( कैनाबिस या मारिजुआना ) एक स्लो प्वाइजन है यह कहना गलत नहीं होगा इसके लगातार सेवन से भयंकर बिमारियां उत्पन्न होती हैं जैसे प्रजनन तंत्र, कैंसर, तनाव, खांसी, हार्टअटैक,सांस रोग, अवसाद आदि रोग पैदा होते हैं

**3 हजार आरोपियों को भेजा जेल–** नशे की सप्लाई करने बाले लगभग 3 हजार आरोपियों को जेल भेजा गया है सप्लायरों की कमर तोड़ दी गई ताबड़तोड़ पुलिस कार्यवाही से तस्कर या तो सलाखों के अंदर है या नसे का कारोबार छोड़ दिये है.

**600 बेरोजगार युवाओं को दिलाया रोजगार–** नशा नाश की जड़ है युवा सर्वाधिक प्रभावित है बेरोजगारी इसका मुख्य कारण है नशे के कारण अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है जैसे हत्या,अपहरण,लूटमार, सड़क दुर्घटना पुलिस कार्रवाई के अलावा माता पिता अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे , नशा मुक्ति अभियान के लिए सामाजिक संगठन और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान अत्यंत प्रशंसनीय है एडीजीपी ने बताया यदि युवाओं को समय से रोजगार मिल जाये तो उनको भटकने से बचाया जा सकता है इसके लिये राव साहब ने विभिन्न कंपनियों से वार्तालाप करके अलग अलग स्थानों पर रोजगार मेला लगवाये इसमें लगभग 600 युवाओं को रोजगार मिला कुछ युवा अच्छे पैकज मे है और हवाई जहाज में सफर करते हैं राव साहब को दुआये देते हैं.

# सुने घर में हुई चोरी का किया देहात थाना पुलिस ने खुलासा, चोर को किया गिरफतार।



शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा संपत्ती संबंधी मामलों मे कमी लाने एवं चोरी जैसे मामलों का खुलासा कर चोरी गया माल वरामद करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था । जिसके पालन पुलिस थाना देहात द्वारा चोरी के एक मामले मे कार्यवाही करते हुये चोरी की घटना को खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है एवं चोरी गया माल वरामद करने मे सफलता हांसिल की है । दिनांक 25.12.23 को थाना देहात पर फरियादी बलराम झा निवासी तुलसी नगर शिवपुरी ने थाने पर सूचना दी की वह दिनांक 23.12.23 अपने परिवार के साथ वृंदावन परिक्रमा के लिये गया हुआ था वापस आने पर देखा तो घर के ताले टूटे पडे थे एवं अलमारी में रखे सोने चांदी के जेबर कीमती करीबन 8-10 लाख रुपये के कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी करना बताया । चोरी के इस अपराध को गंभीरता से लेते हुये घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गयी । सूचना पर से वरिष्ठ अधिकारियों द्वार मौके पर स्वयं उपस्थित होकर घटना का जायजा लिया एवं अज्ञात आरोपी की पहचान कर आरोपियों की गिरफ्तारी चोरी गये मशरूका की बरामदगी करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिये । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10000रू का इनाम की उद्घोषणा की गयी । अति0पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना देहात निरीक्षक विकास यादव, द्वारा पुलिस टीम बनाकर लगातार अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरो को चैक किया जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम देता दिखाई दिया । अज्ञात व्यक्ति की पतारसी में पुलिस टीम द्वारा कई मुखबिरों से पूछताछ की । उक्त व्यक्ति की पहचान महेश चिडार उर्फ महेश मोटा के रूप में हुई जो पूर्व में थाना कोतवाली क्षेत्र के खुडा मे रहता था एवं जिस पर चोरी, लूट, डकैती, के कई अपराध थाना कोतवाली में पंजीबद्द होकर थाना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश पाया गया । महेश चिडार पिछले कई वर्षो से इंदौर में रह रहा था जिसका पता कर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया एवं चोरी का मशरूका सोने चांदी के जेबरात बरामद किये गये ।

# जंगल की धुआंधार कटाई फिर भी केवल आश्वासन कई बार शिकायत करने पर वन विभाग कर्मचारी थोड़ी देर कार्यवाही करके अपना पल्ला झाड़ लेते है

**पत्रकार हरि ओम परिहार की खास रिपोर्ट**



पिछोर, ग्राम बीरा के जंगलों में धुआंधार कटाई वन विभाग कर्मचारियों का कोई ध्यान नहीं कई बार शिकायत करने पर भी पर्यावरण को लेकर मध्य प्रदेश शासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन धरातल पर पेड़ों की कटाई लगातार जारी है माना जाए तो धारा 80 के तहत भू माफियाओं को वन भूमि से बेदखल करने के लिए आदेश पारित हुए थे लेकिन आज दिनांक तक पूर्ण रूप से उन्हें उस भूमि से बेदखल नहीं किया गया है ना ही जंगल काटने का उनसे जुर्माना वसूला गया है और ना ही उस भूमि को मूल रूप में लाने के लिए कोई प्रयास किए गए हैं। अब 4 वर्ष पहले का वीरा का जंगल वो नही रहा क्योंकि दिन-रात कटाई चल रही है जंगल की अधिकारी कर्मचारियों का कोई ध्यान नहीं जाता कितना घना जंगल था आज दिनांक तक बहुत कुछ मैदान हो चुका है। विभाग। कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है भूमाफिया को संरक्षण प्राप्त है। मोती तलैया। किशोरा तालाब से लेकर मंदिर की रोड तक बेर घाट सिंध नदी के किनारे सड़क के दोनों ओर तरी के रखो मंदिर के पास कुंडलपुर मंदिर के ऊपर। मे वन भूमि पर अवैध कब्जा है? वीरा के जंगल में। कहीं भी बाउंड्री नहीं है। पूरा खुला हुआ है जंगल एक प्लांटेशन लगाया था। उसकी भी स्थिति ठीक ठाक नहीं है उसमें जानवर चर रहे है वन भूमि का सर्वे कराकर के किसी दूसरे विभाग के अधिकारी से जांच करके तुरंत कार्रवाई कराई जाए। माफियाओं को भूमि से बेदखल करा दिया जाए

**फॉरेस्ट विभाग अधिकारी रेंजर अनुराग तिवारी–**प्लांटेशन में नहीं काटे गए पेड़ कुछ लोगों ने सफाई के उद्देश्य से पेड़ काटे गए मैंने जांच दल बना दिया है जांच चल रही है जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे

## सम्पादकीय

### हिट विकेट हो गए कमलनाथ

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया । एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थीं। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं। भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगुवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप हैं। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के दिनों के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए। कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस के मध्य प्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे। हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है।

# चुनाव और भारतीय मुसलमानों के समक्ष विकल्प

**गाय से जुड़ी हिंसा में मौतों और घायलों की संख्या के बारे में कोई अधिकृत आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि सरकार उन्हें छुपाना चाहती है। परंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि इस तरह की घटनाओं से मुसलमान बहुत डर गए हैं। मेवात, जहां बड़ी संख्या में मुसलमान डेयरी उद्योग से जुड़े हुए हैं, उन स्थानों में से एक है जहां के मुसलमान गंभीर मुसीबत में हैं। राजस्थान में शंभूलाल रैगर ने अफराजुल की जान लेते हुए अपना वीडियो बनाया। कलीमुद्दीन अंसारी की हत्या के आरोपियों का तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने अभिनंदन किया था।**

-राम पुनियानी-

जैसे-जैसे 2024 के आमचुनाव नजदीक आ रहे हैं, कुलीन वर्ग के कुछ मुसलमान अपने समुदाय से अपील कर रहे हैं कि भाजपा के बारे में अपनी राय पर वह एक बार फिर विचार करे (तारिक मंसूर, ह्यमुस्लिम्स शुड रीलुक एट बीजेपीह्न, द इंडियन एक्सप्रेस, फरवरी 01, 2024)। पुनर्विचार के आग्रहियों का कहना है कि भारतीय मुसलमानों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं हो रहा है। उनका यह भी कहना है कि सरकार की खाद्यान्न, आवास, रसोई गैस, पेयजल इत्यादि से संबंधित समाज कल्याण योजनाओं से मुसलमानों को भी लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, भाजपा पसमांदा और सूफी मुसलमानों की ओर विशेष ध्यान दे रही है और यह भी कि भारत में 2014 के बाद से कोई बड़ा साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ है। उनका दावा है कि पिछला एक दशक साम्प्रदायिक हिंसा की दृष्टि से स्वतंत्रता के बाद भारत का सबसे शांतिपूर्ण दौर रहा है।

इस तरह की अपीलें अर्धसत्यों पर आधारित हैं और उन मूल मुद्दों को नजरअंदाज करती हैं जो भारतीय मुसलमानों के जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहे हैं। यह हो सकता है कि कुलीन वर्ग के कुछ मुसलमानों को पहले की तुलना में कम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो मगर उससे असुरक्षा, हाशियाकरण और अपने मोहल्लों में सिमटने की मजबूरी जैसी मुसलमानों से जुड़ी समस्याएं अदृश्य नहीं हो जातीं। इस बात में कोई दम नहीं है कि 2014 के बाद से मुसलमानों के खिलाफ हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। दिल्ली में शाहीन बाग आंदोलन के पश्चात मुसलमानों के खिलाफ भयावह हिंसा हुई थी जिसे भाजपा के नेताओं ने भड़काया था ('गोली मारो। ।। ')। इस हिंसा में मारे गए 51 लोगों में से 37 मुसलमान थे।

हर दिन किसी न किसी बहाने मुसलमानों की संपत्ति जमींदोज करने के लिए बुलडोजर खड़े हो जाते हैं। कुछ भाजपा शासित राज्यों के बीच तो यह प्रतियोगिता चल रही है कि कौन मुसलमानों की संपत्ति को ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश ए। पी। शाह ने एक न्यूज पोर्टल को बताया कि, ह्यह्यकिसी अपराध में शामिल होने का आरोप किसी भी स्थिति में संबंधित व्यक्ति की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आधार नहीं हो सकताह्न। गाय और गौमांस पर राजनीति का एक नतीजा है सड़क पर विचरण करते असंख्य आवारा मवेशी और उनके कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं। दूसरा नतीजा है खेतों में खड़ी फसलें चट करते आवारा गायों और बैलों के झुंड। और तीसरा नतीजा है जान लेने के एक नए तरीके झ लिंचिंग - का भारत में बढ़ता उपयोग। मोहम्मद अखलाक से शुरू कर ऐसे अनेक मुसलमान (और दलित) हैं जो खून की प्यासी भीड़ के हाथों मारे गए हैं।

मोनू मानेसर, जो नासिर और जुनैद के खिलाफ हिंसा में शामिल था, की दास्तां दिल दहलाने वाली है। हर्षमंदर, जो पीड़ितों के परिवारों से मिले थे, ने लिखा, ह्यह्यमोनू मानेसर के सोशल मीडिया पेज देखकर मैं सन्न रह गया। वो और उसकी गैंग के सदस्य खुलेआम आधुनिक बंदूकें लहराते हुए पुलिस की गाड़ियों के सायरन जैसी आवाज करने वाली जीपों में घूमते हैं, गाड़ियों पर गोलियां चलाते हैं और जो उनके हत्थे चढ़ जाता है उसकी बेदम पिटाई करते हैं। सबसे बड़ी बात तह कि अपनी इन हरकतों की वे लाईव स्ट्रीमिंग भी करते हैं। ह्न

गाय से जुड़ी हिंसा में मौतों और घायलों की संख्या के बारे में कोई अधिकृत आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि सरकार उन्हें छुपाना चाहती है। परंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि इस तरह की घटनाओं से मुसलमान बहुत डर गए हैं। मेवात, जहां बड़ी संख्या में मुसलमान डेयरी उद्योग से जुड़े हुए हैं, उन स्थानों में से एक है जहां के मुसलमान गंभीर मुसीबत में हैं। राजस्थान में शंभूलाल रैगर ने अफराजुल की जान लेते हुए अपना वीडियो बनाया। कलीमुद्दीन अंसारी की हत्या के आरोपियों का तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने अभिनंदन किया था। इस तरह की घटनाएं अब आम हो चली हैं।

हमने लव जिहाद के चारों ओर बुना गया नफरत और भय का जाल देखा है, हमने जिहाद के प्रकारों के टेबिल देखे जिनमें यूपीएससी जिहाद और लैंड जिहाद शामिल था। सबसे मजेदार था कोरोना जिहाद। हमें बताया गया कि भारत में तबलीगी जमात में आए मुसलमानों ने कोरोना फैलाया! कई रहवासी संघों ने मुसलमान ठेले वालों का आवासीय परिसरों में प्रवेश रोक दिया था।

इस्लामोफोबिया नई ऊंचाईयां छू रहा है। मुसलमान डरे हुए हैं और केवल अपनों के बीच रहना चाहते हैं। अधिकांश शहरों में मिश्रित आबादी वाले इलाकों में मुसलमानों को न तो मकान खरीदने दिए जा रहे हैं और ना किराए पर मिल रहे हैं। मुसलमानों की आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में भी गिरावट आ रही है।

मौलाना आजाद फैलोशिप, जो उच्च शिक्षा के लिए थी और जिसके अधिकांश लाभार्थी मुस्लिम विद्यार्थी होते थे, बंद कर दी गई है। आर्थिक दृष्टि से भी मुसलमानों की हालत गिरती जा रही है। गैलप डेटा के अनुसार ह्यह्यसन 2018 और 2019 में भारतीय अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ने के बाद दोनों समूहों (हिन्दू और मुसलमान) में यह धारणा बलवती हुई कि उनका जीवनस्तर गिरा है। सन 2019 में 45 प्रतिशत भारतीय मुसलमानों ने कहा कि उनका जीवनस्तर पहले की तुलना में खराब हुआ है। सन 2018 में यह प्रतिशत 25 था। हिंदू भारतीयों में 2019 में यह कहने वालों का प्रतिशत 37 था जो उसके पिछले साल (2018) से 19 प्रतिशत अधिक थाह्न।

एनआरसी व सीएए के माध्यम से मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के प्रयास भी चल रहे हैं। असम में एक लंबी कवायद के बाद पता चला कि जिन 19 लाख लोगों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं थे उनमें से अधिकांश मुसलमान थे। सीएए में ऐसे हिन्दुओं के लिए बच निकलने का रास्ते है मगर ऐसे मुसलमानों के लिए हिरासत केन्द्र बनाए जा रहे हैं।

वर्तमान में पसमांदा मुसलमानों के लिए जो सहानुभूति दिखाई जा रही है, वह केवल धोखा है। हम जानते हैं कि बहुसंख्यकवादी राजनीति से प्रेरित हिंसा की घटनाओं के मुख्य शिकार पसमांदा ही हैं। कहने की जरुरत नहीं कि अशरफ मुसलमानों को पसमांदाओं के साथ बेहतर व्यवहार करने की जरुरत है लेकिन पूरे समुदाय के लिए सबसे बड़ा खतरा असुरक्षा का भाव है जो पसमांदाओं और अशरफों दोनों के प्रभावित करता है और जो दकियानूसी तत्वों को पनपने का मौका देता है। मुस्लिम समुदाय में सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है। मगर यह जरुरत तब तक हाशिये पर ही रहेगी जब तक कि समुदाय के अस्तित्व और नागरिकता पर खतरा मंडराता रहेगा।

विभिन्न राज्यों की भाजपा सरकारें ऐसे कई कदम उठा रही हैं जो मुसलमानों के साथ भेदभाव करने वाले हैं। राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भाजपा-आरएसएस की बहुसंख्यकवादी राजनीति और तेजी पकड़ सकती है। राजनैतिक संस्थाओं में मुसलमानों की भागीदारी पहले ही कम हो रही है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि इस हिन्दू राष्ट्रवादी पार्टी का एक भी सांसद मुसलमान नहीं है।

पहले की सरकारें भी मुसलमानों की समस्याओं को हल नहीं कर सकीं। इसकी राह में सबसे बड़ा रोड़ा रहा है संघ और भाजपा। सच्चर समिति की सिफारिशों का जो हश्र हुआ वह इस बात का उदाहरण है कि इस समुदाय के पक्ष में किसी सकारात्मक कदम को किस तरह रोका जाता है। इस रिपोर्ट के प्रस्तुत किये जाने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कहा कि वंचित और हाशियाकृत समुदायों का राष्ट्रीय संसाधनों पर पहला हक है। संघ ने प्रचार यह किया कि मनमोहन सिंह का कहना है कि इस देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला हक है। इस समुदाय के दुःख-दर्द कम करने के हर प्रयास में अड़ंगे लगाए गए।

भाजपा का कहना है कि मुफ्त राशन इत्यादि जैसे उसकी सरकार की योजनाओं का लाभ सबको मिल रहा है। ये योजनाएं, बल्कि ह्यलाभार्थीह्न की पूरी परिकल्पना ही, प्रजातान्त्रिक ह्यअधिकार-आधारित दृष्टिकोणह्न के खिलाफ है। सभी समुदायों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किसे वोट दें। जहाँ तक मुसलमानों को बहलाने-फुसलाने के प्रयासों का सवाल है, उसके आधार खोखले हैं।

# (जम्मू-कश्मीर संकल्प दिवस/22फरवरी/विशेष) प्रभावी पहल का इंतजार

विकास सक्सेना

बीते कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है। प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं। दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है। इसके अलावा यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि हम जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी (पीओके) और पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है वह कश्मीर का हिस्सा है ही नहीं वह तो जम्मू का भाग है। वह न तो कश्मीर का अंश था और न ही इस रूप में उसका समझौता हो सकता था। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की भाषा भी कश्मीरी नहीं थी यहां के लोग जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वह डोगरी और मीरपुरी का मिश्रण है।

आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे। इस बीच पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार और सेना ने कबाइली लड़ाकों के साथ मिलकर कश्मीर पर हमला कर दिया। अत्याधुनिक हथियारों के साथ आए इन हमलावरों ने मानवता को तार-तार करते हुए गैर मुस्लिमों की हत्या, लूटपाट और महिलाओं के साथ बलात्कार शुरू कर दिए। हालात इतने खराब हो गए कि खुद महाराजा हरीसिंह ने श्रीनगर से पलायन कर 25अक्टूबर 1947 को जम्मू आकर सुरक्षित स्थान पर शरण ली। कश्मीर को बचाने के लिए उन्होंने 26अक्टूबर 1947 को भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। कश्मीर के भारत में विलय के बाद 27अक्टूबर 1947 को भारतीय सैनिकों का पहला जत्था जम्मू-कश्मीर पहुंचा। उसने बहादुरी से पाकिस्तानी सेना और कबाइलियों को कश्मीर से बाहर धकेल दिया। हालांकि महाराजा हरीसिंह ने बिना शर्त पूरे कश्मीर का भारत में विलय कर दिया था लेकिन इसे रणनीतिक चूक और नासमझी कहा जाए या अपनी छवि चमकाने की कवायद कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इस मामले के संयुक्त राष्ट्र संघ में ले गए सामरिक बढ़त के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कराए बिना संघर्ष विराम पर सहमति जता दी गई। नतीजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लगभग एक लाख 26हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र पर पाकिस्तान और चीन का अवैध कब्जा है। इसमें मीरपुर मुजफ्फराबाद (जम्मू और कश्मीर) का 14हजार वर्ग किलोमीटर, गिलगित बाल्टिस्तान (लद्दाख) का लगभग 75हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। गिलगित बाल्टिस्तान की शक्सगाम घाटी जिसका क्षेत्रफल लगभग 5600 वर्ग किलोमीटर है को पाकिस्तान ने मार्च 1963 में चीन को उपहार में दे दिया। इसके अलावा 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद से लद्दाख के लगभग 37 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर चीन ने अवैध कब्जा कर रखा है जिसे अक्साई चीन कहा जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव की सरकार ने 22 फरवरी 1994 को संसद में एकमत से संकल्प पारित किया कि विदेशी कब्जे वाले जम्मू- कश्मीर क्षेत्र को वापस लेने के लिए भारत हर संभव प्रयास करेगा। लेकिन संसद में दिसम्बर 2019 में नागरिकता संशोधन कानून पर चर्चा के दौरान हैरानी तो तब हुई जब कई विपक्षी सांसदों ने भारत की सीमा अफगानिस्तान से न लगने की बात कही। या तो उन्हें भारत की भौगोलिक स्थिति की जानकारी नहीं थी या वे पाकिस्तान और चीन के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के क्षेत्र को भूल चुके हैं। उस समय गृहमंत्री अमित शाह ने इन सांसदों को संसद के संकल्प का स्मरण कराया था। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके और धारा 35ए को हटाकर सरकार ने एक ठोस कदम बढ़ाया है। लेकिन वहां की हालत लगातार जटिल होती जा रही है। आर्थिक गलियारा के चलते इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियां और हस्तक्षेप तेजी से बढ़ा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों के मानवाधिकारों का पाकिस्तानी फौज बेरहमी से हनन कर रही है। ऐसे में भारत सरकार को मूकदर्शक बने नहीं रहना चाहिए। इन भारतीय नागरिकों और भारतीय क्षेत्र को भारत में शामिल करने के लिए प्रभावी प्रयास करने चाहिए क्योंकि बीते कुछ वर्षों में जिस तरह से भारत की साख अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है उससे पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्र में रह रहे लोगों की उम्मीदें जगी हैं कि उन्हें नारकीय जीवन से आजादी मिलेगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# ममता राज में नहीं रखवाली, कदम-कदम पर अत्याचार के 'संदेशखाली'

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

देश, 'संदेशखाली' से सकते में है। दुख है कि संविधान की सबसे ज्यादा दुहाई देनेवाली ममता बनर्जी के राज में यह हालत हैं कि एक नहीं आज कई "संदेशखाली" पैदा हो गए हैं, जहां महिलाओं की इज्जत तार-तार हो रही है। हिंसा का तांडव कहीं भी हो सकता है और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते बहुसंख्यक हिन्दू समाज कभी भी मौत के घाट उतार दिया जाता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद और विदेशी घुसपैठ तो जैसे यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी है। फिर भी देखो, कितनी बेशर्मी है ! हद है, ममता दीदी उलटा सभी कमियों के लिए भाजपा और संघ परिवार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं और बिना किसी ठोस साक्ष्य के वह सब बोल रही हैं जो उनके नैरेटिव में फिट बैठता है।

आज यहां "संदेशखाली" नहीं जल रहा है । बल्कि इस राज्य के 23 जिलों में से 16 जिले कहीं न कहीं कम-अधिक हिंसा के शिकार हैं। वह तो अच्छा हुआ, पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम राशन घोटाले में जांच करने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के "संदेशखाली" वाले आवास पर छापेमारी करने पहुंच गई, तभी यह हो सका कि जो सच वर्षों से डर के कारण बाहर नहीं आ पा रहा था, उसे दुनिया के सामने आने का मौका मिला। लम्बे समय से यहां की महिलाओं को दबाकर रखने की जो सोच थी, उससे मुक्ति मिली है । "संदेशखाली" में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय है, वह उनके बयानों में झलकता है, जिसमें वे खुलकर कह रही हैं "किसी महिला का पति तो है, लेकिन उस पति का अपनी पत्नी पर अधिकार नहीं है। कुछ पुरुषों को अपनी पत्नियों को हमेशा के लिए छोड़ना पड़ गया है, क्योंकि टीएमसी के गुंडे उन्हें अपने साथ रख रहे हैं।" महिलाएं अपने ऊपर हुए अत्याचार को चीख-चीख कर बयां कर रही हैं। बता रही हैं, कैसे शाहजहां शेख और उसके समर्थकों ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। शाहजहां शेख के गुर्गे रात में आकर जबरन उठाकर ले जाते थे और सुबह छोड़ दिया करते थे। तृणमूल कांग्रेस के लोग गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं। किसी घर में कोई सुंदर महिला या लड़की दिखती है तो उसे पार्टी ऑफिस ले जाया जाता है, फिर उस महिला को कई रातों तक वहीं रखा जाता है। पुलिस से शिकायत, पर कभी कोई मदद नहीं मिली । एक महिला ने यहां तक बताया कि कैसे वे महिलाओं को टारगेट करते थे। यदि हम उनके पास जाने से इनकार करते थे तो घर के मर्दों को ले जाकर उन्हें पीटते थे।। ऐसा इसलिए होता था ताकि हम मजबूर होकर उनके पास चले जाएं। वे इसके लिए शाहजहां शेख के अलावा टीएमसी के ही नेता उत्तम सरदार और शिवप्रसाद हजारा को इस भयानक ज्यादती के लिए जिम्मेदार ठहरा रही हैं।

'संदेशखाली' में जो कुछ सामने आया है वह कोई पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले दक्षिण 24 परगना की बसंती विधानसभा में एक हिन्दू अनुसूचित जाति की महिला का असामाजिक मुसलमानों ने गैंगरेप किया। घटना के विरोध में जब आरएसएस के स्वयंसेवक आगे आए तो इन मुस्लिम बलात्कारियों ने चार संघ स्वयंसेवकों की हत्या कर दी थी। हिन्दू महिलाओं के साथ गैंगरेप की सैकड़ों घटनाएं मौजूद हैं। इनके खिलाफ जब-जब भी किसी ने आवाज बुलंद की उसकी हत्या हो गई या फिर उसके घर को जला दिया गया। इस क्षेत्र में तस्करी, मादक पदार्थ, हथियार, गोमांस, आदि अपराधों में संलिप्त शेख शहांशाह जैसे मुस्लिम दबंगों का बोलबाला है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने और दर्जनों अपराध, अमानवीय कृत्यों में लिप्त शाहजहां शेख जैसों ने अवैध कमाई से अरबों की गैर-कानूनी संपत्ति बना ली है। कई हजार बीघा जमीन इनके पास है और इनकी हिम्मत देखिए, ये खुलकर कहते हैं कि वे बांग्लादेश से आए हैं। किसी में हिम्मत हो तो आए सामने, भारत में कौन हमारा क्या बिगाड़ सकता है? आश्चर्य होता है यह देखकर कि कहने को यहां एक महिला ही मुख्यमंत्री है, लेकिन वह किस तरह से अपनी ही आधी आबादी पर वोट बैंक के खातिर अत्याचार करा रही हैं, इससे बड़ा कोई दूसरा उदाहरण शायद ही आपको मिले! जिसमें कि लाखों की संख्या में महिलाएं अत्याचार सहने के लिए मजबूर हों। यहां कुछ वर्ष पूर्व गांव कनेक्शन का एक सर्वे हुआ था, उसमें पाया गया कि देश में पश्चिम बंगाल की महिलाएं खुद को सबसे ज्यादा असुरक्षित मानती हैं। 19 राज्यों के हुए इस सर्वे में पश्चिम बंगाल के 72.9 फीसदी लोगों ने कहा, ऐसा माहौल ही नहीं है कि घर से बाहर निकलने पर सुरक्षित महसूस किया जा सके।

# फिल्म '12वीं फेल' के अभिनेता विक्रांत मैसी ने मांगी सार्वजनिक माफी



फिल्म '12वीं फेल' 2023 में काफी चर्चित रही थी। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों का अच्छा प्यार मिला। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा के जीवन पर आधारित इस फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में थे। विक्रांत एक अलग मामले को लेकर चर्चा में हैं।

एक पुराने ट्वीट के मामले में विक्रांत को सार्वजनिक रूप से सभी से माफी मांगनी पड़ी है। विक्रांत का एक पुराना ट्वीट वायरल हो गया है। वर्ष 2018 में विक्रांत ने भगवान राम और देवी सीता के बीच बातचीत का एक कार्टून शेयर किया था। जिसमें उन्होंने भगवान राम से कहा था कि उन्हें खुशी है कि उनका अपहरण रावण ने किया था, न कि उनके भक्तों ने। इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा था कि ₹आधे पके आलू और आधे पके हुए राष्ट्रवादी से केवल पेट में दर्द ही होगा।₹ इस पुराने वायरल ट्वीट के लिए विक्रांत को सोशल मीडिया पर माफी मांगनी पड़ी है।

# एक्टर ऋतुराज सिंह के अंतिम दर्शन को पहुंचे एक्टर

दिग्गज अभिनेता ऋतुराज सिंह का 19 फरवरी को निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को आज अंतिम दर्शन के लिए मुंबई में अंधेरी के वसोर्वा स्थित उनके घर पर रखा गया। कई टीवी कलाकार उनके अंतिम दर्शन करने के लिए उनके घर पर पहुंचे। उनके परिवार के लोगों ने उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने ऋतुराज सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस वक्त कलाकार भावुक थे।

ऋतुरात के दोस्त और अभिनेता अमित बहल ने बताया कि ऋतुराज सिंह की मौत हृदय गति रुकने से हुई। उन्हें 15 दिन पहले अग्न्याशय से जुड़ी कुछ



बताया कि ऋतुराज सिंह का अंतिम संस्कार बुधवार को ओशिवारा के हिंदू श्मशान घाट में किया जाएगा। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए घर पर ही रखा गया था। अभिनेता नकुल मेहता, हितेन तेजवानी और गौरी, अनूप सोनी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह कुछ दिन पहले घर लौट आए थे लेकिन कमजोरी महसूस होने पर उन्हें फिर से अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही कार्डियक अरेस्ट से उनकी मृत्यु हो गई।

# करीना कपूर ने एक्स ब्वॉयफ्रेंड शाहिद कपूर को किया नजरअंदाज, वीडियो वायरल

दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉड्र्स समारोह हाल ही में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, आदित्य कपूर, एटली, करीना कपूर और शाहिद कपूर भी मौजूद थे। इस इवेंट के रेड कार्पेट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में करीना कपूर और शाहिद कपूर हैं। बाद में करीना वहां से चली जाती हैं। इस वीडियो पर नेटीजन तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। उनके इस वीडियो को कई पैपराजी अकाउंट्स पर शेयर किया गया है।

दरअसल, शाहिद और करीना का ब्रेकअप हुए 15 साल से ज्यादा का वक्त हो गया है। दोनों अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। इसके बावजूद इतने



नजर आ रहे हैं, जो कभी रिलेशनशिप में थे। शाहिद कपूर रेड कार्पेट पर खड़े हैं और वहां करीना कपूर आती हैं। करीना और शाहिद दोनों के चेहरे पर मुस्कान है। करीना उनके पास से गुजरती हैं और उनके बगल में खड़े किसी व्यक्ति से मिलती हैं, जबकि शाहिद उनकी तरफ देखते सालों में भी इन दोनों को कभी भी सार्वजनिक तौर पर एक-दूसरे से मिलते या बात करते हुए नहीं देखा गया है। उन्होंने फिल्म "उड़ता पंजाब" में साथ काम किया था लेकिन उनका साथ में कोई सीन नहीं था। फिल्म के प्रमोशन के दौरान भी उन्होंने एक-दूसरे से दूरी बनाए रखी।

# इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए बुमराह को आराम, केएल राहुल बाहर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। केएल राहुल, जो दूसरे और तीसरे टेस्ट में चूक गए थे, चौथे टेस्ट से भी चूकने वाले हैं, जबकि धर्मशाला में अंतिम टेस्ट में उनकी भागीदारी फिटनेस पर निर्भर है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार रात एक



आधिकारिक बयान में कहा कि बुमराह को ब्रेक देने का फैसला उनके कार्यभार को ध्यान में रखते हुए किया गया है - उन्होंने पहले तीन टेस्ट मैचों में 80.5 ओवर फेंके हैं - आईपीएल सीजन के बाद 1 जून से 2024 टी 20 विश्व कप शुरू होगा। ऐसी अटकलें थीं कि बुमराह राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए आराम दिया जाने वाला था, लेकिन श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के बाद, उन्होंने अंततः मैच खेला। राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किए गए मुकेश कुमार रांची में टीम में शामिल हो गए हैं। रिलीज होने के बाद उन्होंने बिहार के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेला, जहां उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 50 रन देकर 10 विकेट लेकर बंगाल को बड़ी जीत दिलाई। राजकोट में रिकॉर्ड 434 रनों की जीत के बाद भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला 2-1 से आगे है, और उन्हें बुमराह की अनुपस्थिति की भरपाई करने का रास्ता खोजना होगाः वह श्रृंखला में 13.64 के औसत से 17 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में भारत की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच थे, जहां उन्होंने दोनों पारियों में 91 रन देकर 9 विकेट लिए। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट तीसरे टेस्ट की समाप्ति के ठीक चार दिन बाद इस शुक्रवार से शुरू हो रहा है, जबकि 27 फरवरी को चौथे टेस्ट की समाप्ति और पांचवें और अंतिम टेस्ट की शुरूआत के बीच आठ दिन का अंतर है। पांचवां मैच 7 मार्च से शुरू हो रहा है। चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर ,कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# इमरान हाशमी ने शुरूआती दिनों की "सीरियल किसर" इमेज के बारे में की खुलकर बात

भले ही आज इमरान हाशमी अपनी बोल्ड भूमिकाओं और बेहतरीन फिल्मों के चयन के लिए जाने जाते हैं, लेकिन एक समय वह "सीरियल किसर" के रूप में अधिक लोकप्रिय थे। फिल्म "फुटपाथ" से शुरूआत करने वाले इमरान ने बाद में "मर्डर", "आशिक बनाया आपने", "अक्षर" जैसी फिल्मों से सीरियल किसर के रूप में अपनी छवि चमकाई। लोग यह मानकर इमरान की फिल्में देखने जाने लगे कि इसमें एक और हॉट किसिंग सीन होगा। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी छवि बदलनी शुरू की और अपरंपरागत भूमिकाएं चुनीं। उन्होंने हाल ही में इस पर खुलकर बात की है कि इस "सीरियल किसर" छवि ने इमरान पर भारी असर डाला है और उनकी पत्नी भी इसे लेकर असुरक्षित महसूस करती हैं। इमरान ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ निमार्ताओं ने दर्शकों के मन में बैठी "सीरियल किसर" की छवि का फायदा उठाया है। मीडिया को दिए इंटरव्यू में इमरान ने अब किसिंग सीन देना क्यों बंद कर दिया? ऐसा प्रश्न पूछा गया। इस बार जवाब देते हुए इमरान ने कहा, "यह मेरी पत्नी की सलाह है और मैं उसकी बात मानता हूं। अब मैं अपनी फिल्मों में किसिंग सीन नहीं डालता। दरअसल, पहले मैं ऐसे दृश्यों पर आपत्ति जताना चाहता था लेकिन अनजाने में मेरी "सीरियल किसर" वाली छवि बन गई और कुछ निमार्ताओं ने इसका फायदा उठाया। दर्शकों को आकर्षित करना जरूरी हो गया। जब मैं अपनी कुछ फिल्में देखता हूं तो मैं मन ही मन सोचता हूं कि कुछ जगहों पर उन किसिंग दृश्यों की बिल्कुल भी जरूरत नहीं थी, लेकिन दर्शक यही चाहते थे। वास्तव में मैंने यह फिल्म के लिए किया था लेकिन अंत में मुझे भी आलोचना का सामना करना पड़ा।" इमरान हाल ही में सलमान खान के साथ "टाइगर 3" में विलेन के किरदार में नजर आए थे। अब जल्द ही वह वेब सीरीज "शो टाइम" में नजर आएंगे। इस सीरीज में बॉलीवुड की चमक-दमक के पीछे की एक डरावनी दुनिया दिखाई जाएगी। करण जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा निर्मित यह शो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगा। इमरान के साथ मौनी रॉय, श्रिया सरन, नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# अभिनेत्री विद्या बालन ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

प्रशंसकों के साथ जुड़े रहने के लिए कलाकार सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं। वे फोटो और वीडियो शेयर कर फैंस का मनोरंजन करते हैं। लेकिन दूसरी तरफ कलाकारों के फर्जी अकाउंट बनाकर उन्हें धमकाने और पैसे वसूलने का काम किया जाता है। इसलिए कलाकार संकट में हैं। ऐसा ही कुछ हुआ है बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन के साथ। हालांकि अब यह बात सामने आई है कि एक्ट्रेस ने इसके खिलाफ मुंबई पुलिस का दरवाजा खटखटाया है।



अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके नाम पर फर्जी अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक विद्या बालन ने खार पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि एक शख्स ने एक्ट्रेस के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया था। इसके जरिए ये शख्स लोगों से पैसे की मांग करता था। इसके अलावा यह व्यक्ति नौकरी दिलाने का वादा कर रहा था। विद्या बालन की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने आईपीसी की धारा 66 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल विद्या बालन बॉलीवुड में ज्यादा नजर नहीं आती हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 9 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। विद्या अपने फैंस का मनोरंजन करने के लिए हमेशा इंस्टाग्राम पर मजेदार वीडियो शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस के काम की बात करें तो वह जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी। उन्हें मंजुलिका के रूप में देखा जाएगा।

# सीपीएल की नई फ्रेंचाइजी एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स का हुआ अनावरण

**एंटीगुआ, (हि.स.)।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) की नवीनतम फ्रेंचाइजी एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स का आधिकारिक तौर पर वर्ल्डवाइड स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा आयोजित एक भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान अनावरण किया गया। नंबर एक वैश्विक गेमिंग प्लेटफॉर्म, परिमैच टीम का शीर्षक प्रायोजक होगा। सीपीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अनावरण समारोह मंगलवार शाम को सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में आयोजित किया गया था, जो एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स का घर होगा। वर्ल्डवाइड स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष क्रिस पर्सौड ने कहा, ह्लहम बिल्कुल नए हैं; हम तैयार हैं.. एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स रिपब्लिक बैंक सीपीएल में एक अद्वितीय ऊर्जा लाएंगे। इस फ्रेंचाइजी से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति और सुंदर एंटीगुआ में सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में हमारे विशेष घरेलू आधार पर अद्भुत प्रशंसकों के बीच हम ऊंची उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। हम टीम के भीतर एक विजेता की संस्कृति स्थापित करना चाहते हैं ह्व पर्सौड ने कहा, ह्लआज जब आप एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स का अनावरण कर रहे हैं तो आप जो देख रहे हैं, वह वास्तव में कुछ खास है और मैं एंटीगुआ और बारबुडा सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स को जीवंत बनाने के लिए हमारे साथ मिलकर काम किया है। एंटीगुआ हमारा घर है... इस देश का एक समृद्ध क्रिकेट इतिहास है और एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स इन तटों पर और भी इतिहास रचेंगे। अब फाल्कन्स के लिए ऊंची उड़ान भरने का समय आ गया है!' एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स की समग्र संरचना और टीम के लिए कोचिंग और प्रबंधन स्टाफ पर विवरण बाद में घोषित किया जाएगा।

# कोहली दूसरी बार बने पिता, पत्नी अनुष्का ने 15 फरवरी को दिया बेटे को जन्म

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से चूकने के बाद, विराट कोहली ने खुलासा किया है कि उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया है। कोहली ने मंगलवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया कि उनके बेटे का जन्म 15 फरवरी को हुआ था, जिसका नाम इस जोड़ी ने अकाय रखा है।



कोहली, जो इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला के पहले टेस्ट से पहले हैदराबाद में थे, अपने परिवार के साथ रहने के लिए चले गए और अंततः पूरी श्रृंखला के लिए अपनी अनुपलब्धता व्यक्त की। प्रारंभ में, उन्होंने स्वयं को केवल पहले दो मैचों के लिए अनुपलब्ध रखा था। पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे भारत ने एक सप्ताह पहले ही अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए अपनी टीम की घोषणा की। जब कोहली और अनुष्का का पहला बच्चा होने वाला था, तो उन्होंने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चार टेस्ट मैचों में से आखिरी तीन से नाम वापस ले लिया था। उस समय कोहली भारत के कप्तान थे, इसके बाद अजिंक्या रहाणे ने शेष तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम का नेतृत्व किया था। कोहली ने आखिरी बार भारत के लिए जनवरी के मध्य में खेला था, जब उन्हें 1 जून को होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए टी20 टीम में वापस लाया गया था।

# भूल भुलैया-3 की कास्ट में शामिल हुई तृप्ति डिमरी

भूषण कुमार की शुरू की गई सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी और अनीस बज्मी की निर्देशित फिल्म भूल भुलैया का तीसरा पार्ट रिलीज किया जायेगा। इस फिल्म में अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ डिमरी भी काम करेंगी। ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल में बड़ी संख्या में फैन फालोइंग मिलने के बाद अब तृप्ति डिमरी भूल भुलैया के तीसरे सीक्वल में काम करेंगी। भूषण कुमार निर्मित इस फिल्म को अनीस बज्मी निर्देशित करेंगे। अभिनेत्री डिमरी ने हाल ही में सुपरस्टार रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल में जोया उर्फ भाभी-2 के किरदार के रूप कार्य कर अपने अभिनय से प्रशंसकों का दिल जीता। अब इस साल की सबसे बड़ी फिल्म में वह स्टार कार्तिक आर्यन के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। फिल्म 'भूल भुलैया-3' के कलाकारों में शामिल होने के बाद तृप्ति डिमरी का करियर एक रोमांचक मोड़ ले रहा है। पहले से ही बड़े कलाकारों के साथ काम करने के बाद अब वह बड़े स्टार के साथ बिग स्क्रीन शेयर करने के लिए कोई अजनबी नहीं है। एक ब्लॉकबस्टर देने के बाद अब एक और नयी ब्लॉकबस्टर फिल्म में शामिल होना उनके अभिनय की कुशलता को भी दशार्ता है। तृप्ति डिमरी को अपनी इस फिल्म में कास्ट करने के लिए निमार्ता भी काफी उत्साहित हैं और



उनके फैंस भी इंतजार कर रहे हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज कर प्रस्तुति भूल भुलैया-3 दिवाली के आसपास रिलीज होगी। इसके लिए दर्शक अभी से काफी उत्साहित हैं।

# 'सिनेमा लवर्स डे' पर 99 रुपये में फिल्म दिखाएगा पीवीआर व आईनॉक्स

सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बहुत अच्छा मौका आया है। अक्सर पीवीआर आईनॉक्स जैसे बड़े आलीशान थिएटरों में फिल्में देखना आम दर्शकों के लिए मुश्किल बात होती है। क्योंकि इन बड़े थिएटर में फिल्मों के टिकट महंगे हैं। अब फैंस



के लिए पीवीआर आईनॉक्स में सस्ते में फिल्में देखने का मौका है। महज 99 रुपये में आप पीवीआर, आईनॉक्स जैसे बड़े थिएटर्स में फिल्में देख सकते हैं। पीवीआर ने 23 फरवरी 2024 को 'सिनेमा लवर्स डे' के रूप में मनाने का एलान किया है। 'इस हफ्ते तीन फिल्में 'आर्टिकल 370', 'क्रैक' और 'ऑल इंडिया रैंक' रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा हाल ही में रिलीज हुई फिल्में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'फाइटर' को पीवीआर, आईनॉक्स पर सिर्फ 99 रुपये में देखा जा सकता है। शुक्रवार 23 फरवरी को 'सिनेमा लवर्स डे' के मौके पर ये फिल्में पीवीआर, आईनॉक्स पर 99 रुपये में उपलब्ध होंगी। पीवीआर, आईनॉक्स में टिकटों की कीमतें 200 रुपये से ऊपर हैं। 'सिनेमा लवर्स डे' के मौके पर उन्हीं टिकटों की कीमतें घटकर सिर्फ 99 रुपये रखी गई हैं। इसके अलावा 199 रुपये में रिक्लाइनर में बैठकर फिल्म देख सकते हैं। यह ऑफर केवल 23 फरवरी तक के लिए सीमित है और यह ऑफर भारत में पीवीआर, आईनॉक्स जैसे सिनेमाघरों में लागू है।

# पुलिस थाना करैरा ने एक स्थाई गिरफ्तारी वारंटी व एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

करैरा, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिहं भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती के निर्देशन में स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामील का अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी करैरा टीआई सुरेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा की टीम ने स्थाई गिरफ्तारी वारंटी रामकिशन प्रजापति निवासी डुमाडुमा व गिरफ्तारी वारंटी कल्ला उर्फ बृजेश जाटव निवासी रौनक ढाबा के पास करैरा को गिरफ्तार किया। रामकिशन प्रजापति का विद्युत चोरी के व कल्ला जाटव उर्फ बृजेश का मारपीट के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे जो कई वर्ष से पुलिस को चकमा दे रहे थे।वारंटी को गिरफ्तार करने में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव ,आरक्षक चंद्रशेखर मीणा ,जसवंत परिहार, रक्षा समिति सदस्य मनमोहन तोमर व आनंद यादव व पूरन की मुख्य भूमिका रही।

# पोहरी में सीएमओ की उदासीनता से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर बना औपचारिक, प्रचार प्रसार के अभाव में खाली पड़ी रही कुर्सियां

## जानकारी लेने के लिए यहां वहां भटकते नजर आए लोग

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे से विजय सिंह परिहार**
**करैरा**

**पोहरी।** शिवपुरी जिले की पोहरी नगर परिषद में गुरुवार को मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के आयोजन में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। नगर परिषद सीएमओ की उदासीनता के कारण शिविर का प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण लोगों को इस शिविर का लाभ नहीं मिल पाया। यहां के लोग अब इस शिविर के आयोजन के औचित्य पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं।दरअसल जिले की पोहरी नगर परिषद की ओर से गुरुवार को शहरी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में ये शिविर औपचारिकता में




सिमट कर रह गया। शिविर के पहले जानकारी के अभाव में लोग नहीं पहुंचे और शिविर में कुर्सियां खाली पड़ी रही। वहीं नगर परिषद के अधिकारी कुछ समय रुकने के बाद रवाना हो गए। शिविर को लेकर नगर परिषद सीएमओ से बात की गई तो उन्हें बताया कि शिविर का आयोजन कलेक्टर साहब के आदेश से हुआ है। इसलिए उन्होंने मीडिया कर्मियों को भी सूचना देना जरूरी नहीं समझा।जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और पात्र व्यक्तियों का किया जाना था पंजीकरणविकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान भारत योजना- पीएमजेएवाई,प्रधानमंत्री उज्वला योजना, पीएम आवास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना आदि के बारे में जागरूक किया जाना था। वहीं इस शिविर में पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण किया जाना था।लेकिन सीएमओ की उदासीनता के कारण शिविर औपचारिकता में सिमट कर रह गया।

# पिछोर में टीम ने की जांच, खाद्य पदार्थो की सैंपलिंग



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर,खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को पिछोर में टीम ने कार्यवाही की। राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संयुक्त भ्रमण कर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच की।तहसीलदार पिछोर ने बताया कि शिवपुरी रोड पिछोर स्थित मेसर्स भार्गव दूध डेयरी पर टीम ने दूध, घी, पनीर के सैंपल लिए। डाक बंगला रोड गणेश चौक नगरिया ट्रेडर्स से तेल, और परमार दूध डेयरी भौंती से मावा, दूध, पनीर और रन्नौद रोड स्थित प्रीति एंटरप्राइजेज से वर्फ की जांच की। अमानक खाद्य पदार्थों को न बेचा जाए यह निर्देश दिए हैं। अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

# खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई से भयबीत आधा बाजार बंद 2 दुकानों के लिए सैंपल।

**पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार करेरा**
**9399215234**





बैराड़> जिला शिवपुरी रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में जिले भर में चल रही खाद्य पदार्थ में मिलावटों को दूर करने के लिए चलाई जा रही कारबाही से बैराड़ ही नहीं बल्कि शिवपुरी जिले में खलबली मच गई है। सूचना मिलते ही दुकानदार दुकान बन्द कर भाग गए। कुछ ही लोगों पर फूड इंस्पैक्टर विष्णु शर्मा व बैराड़ तहसीलदार आशीष जैन व आरआई राकेश सुमन की मौजूदगी में 2 लोगों की दुकानें के सैंपल लिए गए। जिनमें एक होटल माता रोड़ व एक बेकरी पुराना बस स्टैंड के सैंपल भरे गए हैं। खाद्य विभाग अधिकारी विष्णु शर्मा ने कहा जो लोग दुकान बंद कर भाग गए हैं उन पर अगले चक्कर में कारवाही की जाएगी।

# वनों की किया जा रही है धुआंधार कटाई फॉरेस्ट विभाग मोन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार**
**9399215234**

तहसील पिछोर। जिला शिवपुरी। मध्य प्रदेश। मैं। जंगल की अवैध कटाई। अतिक्रमण चल रहा है। गांव वालों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों को। कई बार सूचित करने के बाद भी। वनों की कटाई एवं अतिक्रमण नहीं रुका। । सरकार दाबा करती है भूमि पुत्र पेड़ों को भगवान मानते हैं। पर्यावरण को प्रोत्साहित करते हैं। और हमें किताबों में पढ़ाया गया कि। पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए। पेड़ लगाना चाहिए। तथा उनकी सुरक्षा करना चाहिए। और आपके ही अधिकारी एवं कर्मचारी। जंगल की रक्षा करने के बजाय जंगल को कटवाने में लगे हुए हैं। अगर आपको जंगल कटवाना है ही है तो। भू माफियाओं को क्यों दे रहे हो इससे अच्छा तो आप। गरीब लोगों के लिए तो 2 बीघा जमीन बांट दो। पर्यावरण के नाम पर जो



राशि आती है उसको बंद कर दो। और। इन फारेस्ट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दूसरे विभाग में। व्यवस्थित कर दो। जैसे कि हमारे टैक्स के पैसे का सदुपयोग हो सके। वैसे तो आपका वन विभाग। एक बिजली का पोल गाड़ने के लिए अनुमति नहीं देता। और सड़क चौड़ीकरण के लिए अनुमति नहीं देता। एवं भू माफियाओं के द्वारा। साजिश के तहत जंगल नष्ट किए जा रहे हैं। इससे इन लोगों को बढ़ावा मिलता है। बाद में यही लोग सरकार के खिलाफ खड़े होते हैं। और आंदोलन चलाते हैं। आप अपनी नाजायज मांगों को पूरा करने के लिए। शासन के आगे। हड़ताल करते हैं आंदोलन करते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन है कि। अब हमारी प्राकृतिक संपदा को बचाइए। नहीं तो। सरकारी कर्मचारियों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दीजिए। अगर जंगल कटवाना है तो। फ्री में भी कट जाएगा। और दो दो बीघा। सभी को जमीन बांट दीजिए। माननीय प्रधानमंत्री जी। जल्द से जल्द। जनसंख्या नियंत्रण। कानून। बिल। लागू कर दीजिए। क्योंकि? म्हारे देश का क्षेत्रफल तो बढ़ नहीं रहा है

# तुलसी नगर मै शिक्षक के घर हुई चोरी का मास्टरमाइंड देहात थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चोरी कर भाग गया इंदौर,रिश्तेदार के घर छुपाया चोरी किया





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा संपत्ती संबंधी मामलों मे कमी लाने एवं चोरी जैसे मामलों का खुलासा कर चोरी गया माल वरामद करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके पालन पुलिस थाना देहात द्वारा चोरी के एक मामले मे कार्यवाही करते हुये चोरी की घटना को खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है एवं चोरी गया माल वरामद करने मे सफलता हांसिल की है । दिनांक 25.12.23 को थाना देहात पर फरियादी बलराम झा निवासी तुलसी नगर शिवपुरी ने थाने पर सूचना दी की वह दिनांक 23.12.23 अपने परिवार के साथ वृंदावन परिक्रमा के लिये गया हुआ था वापस आने पर देखा तो घर के ताले टूटे पडे थे एवं अलमारी में रखे सोने चांदी के जेबर कीमती करीबन 8-10 लाख रुपये के कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी करना बताया । चोरी के इस अपराध को गंभीरता से लेते हुये घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गयी । सूचना पर से वरिष्ठ अधिकारियों द्वार मौके पर स्वयं उपस्थित होकर घटना का जायजा लिया एवं अज्ञात आरोपी की पहचान कर आरोपियों की गिरफ्तारी चोरी गये मशरूका की बरामदगी करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिये । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10000रू का इनाम की उद्घोषणा की गयी । अति0पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना देहात निरीक्षक विकास यादव, द्वारा पुलिस टीम बनाकर लगातार अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरो को चैक किया जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम देता दिखाई दिया । अज्ञात व्यक्ति की पतारसी में पुलिस टीम द्वारा कई मुखबिरों से पूछताछ की । उक्त व्यक्ति की पहचान महेश चिडार उर्फ महेश मोटा के रूप में हुई जो पूर्व में थाना कोतवाली क्षेत्र के खुडा मे रहता था एवं जिस पर चोरी, लूट, डकैती, के कई अपराध थाना कोतवाली में पंजीबद्द होकर थाना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश पाया गया । महेश चिडार पिछले कई वर्षो से इंदौर में रह रहा था जिसका पता कर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया एवं चोरी का मशरूका सोने चांदी के जेबरात बरामद किये गये ।

उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक विकास यादव , सउनि यतेन्द्र बाथम, प्र.आर. 374 गजेन्द्र सिंह परिहार ,प्रआर 570 विनय कुमार, प्रआ 844 केशव सिंह राजावत, प्रआ 342 मोहन सिंह चौहान , प्रआ 380 धमेन्द्र सिंह , प्रआ 499 देवेन्द्र सैन, प्रआ 180 हृदेश पाराशर ,आर 563 लाखन सिंह ,महिला आर 1091 रीना जादौन आर चालक 259 शरद यादव की मुख्य भूमिका रही ।

# सात वर्षीय छात्र अथर्व बंसल द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने पर कलेक्टर ने किया सम्मानित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी के छात्र अथर्व बंसल को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने पर शिवपुरी कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सम्मानित किया। अथर्व बंसल को मिडब्रेन एक्टिवेशन के क्षेत्र में यह अवार्ड प्राप्त हुआ है। इस गतिविधि में बच्चों के सिक्स सेंस को एक्टिवेट करने के लिए प्रक्रिया कराया जाती है जिसमें आंखों पर पट्टी बांधकर सिक्स सेंस के माध्यम से बच्चे कलर अक्षर पहचाना जैसी गतिविधि करते हैं। इस गतिविधि में अथर्व बंसल ने आंखों पर पट्टी बांधकर 3/3 रूबिक क्यूब को हल किया है। सात वर्षीय अथर्व के परिजन इस उपलब्धि से खुश हैं। केवल सात वर्ष की उम्र में अथर्व ने उनके परिवार का



नाम रोशन किया है।सात वर्षीय अथर्व बंसल द्वारा 9 अक्टूबर 2023 को 3/3 का रूबिक क्यूब को 1 मिनट 24 सेकंड में ब्लाइंडफोल्ड मेथड से हल करने में सबसे कम उम्र का विश्व रिकॉर्ड हासिल किया है। यह सर्टिफिकेट इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा दिया गया। जिसको कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी जी के हाथों से आज प्राप्त कर अथर्व बंसल गौरवान्वित हुए।

अथर्व बुद्धि बूस्टर इंस्टीट्यूट के छात्र हैं। यह बुद्धि बूस्टर इंस्टीट्यूट के लिए भी बहुत ब?ी उपलब्धि है कि शिवपुरी शहर के बच्चे अलग-अलग गतिविधियों जैसे मेंटल कैलकुलेशन और मीडब्रेन एक्टिवेशन में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना रहे हैं और शिवपुरी शहर का नाम रोशन कर रहे हैं अथर्व बंसल की उपलब्धि पर इस अवसर पर समाज सेवी आरती जैन एवं बुद्धि बूस्टर इंस्टिट्यूट की एकेडमिक हेड रोशनी गुप्ता भी उपस्थित रही।

## फ्लैट रेट की बिजली की मांग को लेकर किसानों ने किया ऊर्जा मंत्री के बंगले पर प्रदर्शन

# ग्वालियर - वीरपुर अजयपुर हारकोटा सीर, गोकुल पुर, के किसानों ने आज ऊर्जा मंत्री के बंगले का प्रदर्शन एवं घेराव किया।

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

ज्ञातव्य हो कि इन गांव के किसान लंबे समय से फ्लैट रेट की मांग कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश किसान सभा कार्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार किसानों को कृषि सिंचाई हेतु फ्लैट रेट बिजली दी जाती है ताकि किसान सस्ती बिजली से अपने खेतों में सिंचाई कर सके किंतु गिरवाई अजयपुर, वीरपुर हारकोटा शी में 2016 से किसानों की प्लेट रेट की बिजली बंद करके उन्हें मीटर रीडिंग के आधार पर बिल दिए जा रहे हैं जिसके कारण किसान बिजली का बिल जमा करने में असमर्थ हो गया है। प्रत्येक किसान विद्युत मंडल के 3 से 5 लाख तक के कर्ज में आ चुका है विद्युत मंडल के इस गैर कानूनी कार्यवाही के खिलाफ किसान लंबे समय से अपने लिए फ्लैट रेट की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रशासन और सत्ताधीस नेता इस मांग को सुनने के लिए तैयार नहीं है।आज 22 फरवरी 2024 को किसानों ने ऊर्जा मंत्री के बंगले में प्रदर्शन किया शुरू में तो मंत्री के बंगले पर मौजूद स्टाफ ने मंत्री के शहर के बाहर होने की बात कही, लेकिन जब किसानों ने कहा कि मंत्री जी जब आएंगे तभी मुलाकात होगी भले उन्हें रात में क्यों न रुकना पड़े, वे कई दिन रुकने के लिए आये है। लेकिन किसान मंत्री से मिलकर ही जाएंगे। तब जाकर करीब दोपहर ढाई बजे मंत्री आये और उन्होंने आंदोलनकारी किसानों से मुलाकात की, तमाम चर्चाओं के बाद यह सहमति बनी की फिलहाल छोटे




किसानों से 5 हजार और बड़े किसानों से 10 हजार रुपए जमा करके कटे हुए बिजली कनेक्शन जोड़े जाएंगे, और 3 दिन में मंत्री इस पूरे मामले की जानकारी लेकर बताएंगे। मध्य प्रदेश किसान ने आंदोलन के स्थगित करने की घोषणा करते हुए कहा की आगामी 7 दिनों तक अगर किसानों की फ्लैट रेट की देने की घोषणा नहीं की गई तो पुन इस आंदोलन को मंत्री के बंगले पर शुरू किया जाएगा, किसान सभा ने यह भी चेतावनी दी है कि किसानों के साथ यह सौतेला व्यवहार नहीं चलेगा, सभी किसानों को फ्लैट रेट से बिजली सिंचाई के लिए दी जाती है लेकिन गिरवीई अजयपुर, वीरपुर के किसानों को अगर बिजली नहीं मिल रही है यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य महासचिव अखिलेश यादव ने कहा है कि किसने की एकता और संघर्ष की दम पर किसानों के ऊपर जो अन्याय किया जा रहे हैं उसे रोका जाएगा और किसानों को उनका अधिकार दिलाया जायेगा, और बिजली दिलाने की लड़ाई लड़ी जाती रहेगी। आज के प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सुग्रीव सिंह कुशवाहा जिला सचिव रामविलास गोस्वामी किसान नेता रामकृष्ण सिंह कुशवाहा के अलावा नाहर सिंह कुशवाहा, रूप सिंह लाखन सिंह कुशवाहा,विजय सिंह कुशवाह, कोठारी कुशवाह,लायकराम बघेल, दाताराम बघेल, मोहन सिंह नेताजी दीवान सिंह लायकराम कुशवाह औतार सिंह कुशवाह गुलाब सिंह हरमुख सिंह लाखन सिंह कुशवाह रूप सिंह काशीराम सुरेश कुशवाह इदंर सिंह बघेल भवंर सिंह कुशवाह सरमन सिंह कुशवाह आदि शामिल रहे।

# प्रदेश में डिजिटल इण्डिया को बढ़ावा देने के लिये ई-नगरपालिका बेहतर उदाहरण बजटिंग और ई-गवर्नेंस का

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में डिजिटल इण्डिया को ब?ावा देने के लिये शहरी क्षेत्र के स्थानीय निकायों में ई-नगरपालिका योजना नगरीय विकास विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। इसका मकसद पारदर्शी एवं त्वरित गति से शहरी क्षेत्र के नागरिकों को सेवा प्रदान करना है। परियोजना में समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान एवं बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों की सुविधाओं को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है।राज्य के सभी नगरीय निकायों में नागरिक सेवा देने के लिये एकीकृत एकल एसएपी ईआरपी प्लेटफार्म आधारित परियोजना शुरू की गई है। ई-नगरपालिका द्वारा ऑनलाइन की गई नागरिक सेवाओं का लाभ दिये जाने के लिये 222 का उपयोग किया जा रहा है।ई-नगरपालिका में डिजिटल भुगतान को ब?ावा देने के लिये भारत बिल पेमेंट सिस्टम की सेवा प्रारंभ की गई है। अब नागरिक यूपीआई एप्लीकेशन के माध्यम से अपना सम्पत्ति कर तथा जल उपभोक्ता प्रभार का भुगतान कर सकते हैं। नगरीय विकास विभाग ने बेहतर नागरिक सेवा देने के लिये ई-नगरपालिका में की सेवा भी प्रारंभ की है। नगरीय निकायों की आंतरिक व्यवस्था को भी ई-नगरपालिका के अंतर्गत सम्पूर्ण रूप से कम्प्यूटराइज्ड किया गया है। सभी प्रकार के भुगतान डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा अनुमोदित किये जाने के प्रावधान को अनिवार्य किया गया है।प्रदेश के नगरीय निकायों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिये समस्त बजट एवं वित्तीय प्रबंधन कार्यों को ई-नगरपालिका में एकीकृत कर, अब संचालनालय स्तर से निकायों को दिये जाने वाले अनुदानों का भुगतान ई-नगरपालिका के माध्यम से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में ई-नगरपालिका बेहतर बजटिंग और ई-गवर्नेंस का बेहतरीन उदाहरण है। शहरी क्षेत्र के स्थानीय निकायों के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के डेटा को भी कम्प्यूटराइज्ड किया गया है

# ब्रह्मज्ञान द्वारा घट में ही नीलकंठ के दर्शन पश्चयात ही अपने क्षुद्र स्वार्थों का परित्याग संभव: डॉ सर्वेश्वर

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर ।** बिलाड़ा दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से सीरवी मोती सिंह स्टेडियम, बिलाड़ा, जोधपुर में किए जा रहे सात दिवसीय शिव कथामृत के दूसरे दिवस गुरुदेव आशुतोष महाराज जी के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर जी ने समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब समुद्र मंथन से हलाहल कालकूट विष निकला तो जगत के कल्याण के लिए भगवान शिव ने उस विष का पान कर उसे अपने कण्ठ में धारण कर लिया। जिसके कारण उनका एक नाम नीलकण्ठ भी पड़ गया। स्वामी जी ने कथा का मर्म समझाते हुए बताया कि शिव का नीलकण्ठ स्वरूप हमें त्याग व सहनशीलता का गुण अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा देता है। भगवान नीलकण्ठ के भक्त होने के नाते हमारा भी ये कर्तत्व्य है कि हम भी विषपान करना सीखें। अर्थात निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर



जगत के कल्याण में अपना योगदान दें। 'मैं' से 'हम' तक का सफर तय करें। आज मानव अपने स्वार्थ के लिए दूसरों की पीठ में छुरा घोंपते हुए भी संकोच नहीं करता। इन्सान तो क्या, हमने तो बेझुबान पशु पक्षियों को भी नहीं छोड़ा। जीभ के क्षणिक स्वाद के लिए आज रोड़ाना हड़ारों जीव काट दिए जाते हैं। यूँ तो हम महादेव के भक्त हैं परंतु शायद हम ये भूल जाते हैं कि महादेव का एक नाम पशुपतिनाथ भी है।अर्थात जो पशुओं के स्वामी हैं। स्वयं ही सोचिये पशुओं की हत्या कर क्या हम अपने पशुपतिनाथ को प्रसन्न कर पाएंगेड़ इसलिए आवश्यकता है प्रभु के सच्चे भक्त का कर्तत्व्य निभाने की। परपीड़ा को समझ अपने क्षुद्र स्वार्थों का परित्याग करने की। ये तब ही सम्भव है जब ब्रह्मज्ञान के माध्यम से हम नीलकण्ठ का दर्शन अपने घट में प्राप्त करेंगे।कथा में विभिन्न अतिथि गण दीवान माधोसिंह धर्म गुरु, जती बाबाजी महेंद्र, धन्नाराम लालावत अध्यक्ष परगना समिति, पहल संस्थान अध्यक्ष गोविंद सिंह पवार, जुगल किशोर संघ संचालक बिलाड़ा मौजूद रहे। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया। इस अवसर पर कथा पंडाल में शिवरात्रि महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भक्तों ने नृत्य कर खूब आनंद लूटा।

# माँ शबरी जयंती के उपलक्ष मे दो दिवसीय आदिवासी महाकुम्भ का होगा आयोजन,विधायक उमाकांत शर्मा ने ली समीक्षा बैठक लटेरी

**अभिषेक कुशवाह**

शनिवार और रविवार को दो दिवसीय माँ शबरी जयंती के उपलक्ष्य मे विशाल आदिवासी सम्मलेन टोल टैक्स के पास ग्राम नेवली मे स्व. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोक कल्याण न्यास के सहयोग से आयोजित किया जाना है जिसको लेकर गुरुवार शाम के समय विधायक उमाकांत शर्मा ने आयोजन स्थल पर स्थानीय अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक ली एवं व्यवस्थाओ को लेकर जायजा लिया जिसमे श्री शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा की मैं संसार के सर्वाधिक प्रभावी प्रधानमंत्री, संसार के सर्वाधिक प्रभावी नेता और देश के महान प्रधानमंत्री श्री नरेन्ड्द्र मोदी जी के स्ड्वप्ड्नों के, संकल्ड्पों के अनुरूप उनसे प्रेरणा, मेरे सर्वस्ड्व स्ड्व. श्री लक्ष्ड्मीकांत जी की स्ड्मृति में हमारी सबकी गौरव



आदिवासी समाज, जनजाति समाज की आराध्ड्या देवी शबरी मैया की जयंती के संदर्भ में शबरी जयंती के अवसर पर दो दिवसीय विराट आदिवासी महाकुम्ड्भ का आयोजन कर रहे है इस दो दिवसीय विराट आदिवासी महाकुम्ड्भ में विभिन्ड्न सांस्ड्कृतिक कार्यक्रमों, शबरी कथा, जनजाति समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का तथा आदिवासी समाज के माननीय समाजसेवियों का सम्ड्मान किया जावेगा वही उन्होंने अधिक से अधिक लोगो से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की वही बैठक का शुभारम्भ माँ शबरी एवं महाराणा पूंजा भील के चित्र पर माल्यापर्ण से की गई इस दौरान विभागीय अधिकारी कर्मचारियो के साथ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

**इस प्रकार रहेगे कार्यक्रम–** शनिवार सुबह 11ः00 बजे से माँ शबरी मैया का पूजन अर्चन, महा आरती एवं विभिन्न जनजाति छात्र छात्राओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन रविवार दोपहर 01.00 पंजीयन एवं अल्पाहार दोपहर 02ः00 बजे माता शबरी की कथा, दोपहर 03ः30 मेधावी छात्र छात्राओं एवं आदिवासी समाज के समाजसेवीयो का सम्मान दोपहर 04ः00 बजे अतिथियों का उद्बोधन, शाम 05ः00 बजे समापन एवं सहभोज के कार्यक्रम रहेंगे।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित भिण्ड द्वारा अमानत बचत पखवाडा का आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, भिंड एवं जिले में इसकी 22 शाखाओं द्वारा 20 फरवरी 2024 से 05 मार्च 2024 तक बचत पखवाड़े का आयोजन किया गया है जिसमे अन्य बैंको की तुलना में अधिक ब्याज का लाभ दिया जा रहा है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपनी बचत अमानते जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित भिंड की अपनी नजदीकी शाखा में जमा करे। शाखाओं में लॉकर सुविधा भी उपलब्ध है बैंक शाखा में खाता खोलने की सरलतम प्रक्रिया के साथ अपना बचत खाता खुलवाएं । बैंक शाखा में नेफ्त, आरटीजीएस, चेक बुक की सुविधा भी उपलब्ध है शीघ्र ही रुपे डेबिट कार्ड की सुविधा भी शुरू की जा रही है। तो आज ही अपनी नजदीकी शाखा में जाकर बचत पखवाड़े का लाभ उठावे।

**धूमधाम से मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती**

# चल समारोह के दौरान सजाई गई सजीव झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



सिरोंज।शिल्पकला में सर्वोच्च माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की जंयती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। तीर्थ क्षेत्र तपोभूमि जटाशंकर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विशेष पूजा के साथ हवन किया गया।नगर के छतरी नाका हनुमान मंदिर से विशाल चल समारोह निकाला गया जो नगर के कस्टमपथ, मुख्य सराफा बाजार, कोर्ट गेट से होते हुए तपोभूमि जटाशंकर पहुंचकर महा आरती के बाद संपन्न हुआ इस दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा विशेष अतिथि विशेष अतिथि प्रेम नारायण विश्वकर्मा श्री विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री रामकिशोर विश्वकर्मा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिला पंचायत सदस्य भगत सिंह रघुवंशी शामिल हुए जहां विश्वकर्मा समाज द्वारा उनका साल श्रीफल से स्वागत किया विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताते हुए समाज उत्थान के लिए हर संभव कदम से कदम मिलाकर कार्य करने की बात कही उन्होंने भगवान विश्वकर्मा के जीवन चित्रण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी के जीवन से हमें समाज में जीवन जीने की एक सही दिशा मिलती है जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत चल समारोह की अगवानी विभिन्न बाज यंत्रों द्वारा की जा रही थी प्रथम पंक्ति में श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे चल समारोह में सजाई गई सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रहा नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत नें आरती उतार व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया चल समारोह में सैकड़ो श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे



**थाना जसो पुलिस की बडी कार्यवाही गुंझिर पहाड अंधी हत्या का खुलासा आरोपी गिरफ्तार**

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी. महोदया नागौद के मार्गदर्शन में थाना जसो पुलिस की कार्यवाही

घटना का विरण दिनांक 15/02/24 को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम गुंझिर पहाड में कल्ली पटेल के घर के पीछे खेत बाडी के पास कल्ली पटेल की किसी अज्ञात व्यक्ति नें सिर मे पत्थर पटक कर हत्या कर दी है जो मौके पर श्रीमान एसडीओपी महोदया श्रीमती विदिता डागर नागौद, स्न्रस्रु अधिकारी महोदय,सायबर सेल टीम उनि. रुपेन्द्र सिह जिला के डाग स्कार्ड व थाना प्रभारी रोहित यादव मौके पर पहुचे जिनके द्वारा घटना स्थल व शव की मौके पर जांच कार्यवाही प्रारंभ की गई । मामला अंधे कत्ल एंव सनसनी खेज होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सतना द्वारा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदया नागौद के दिशा निर्देशन मे थाना प्रभारी जसो रोहित यादव के नेतृत्व मे सायबर एक्सपर्ट उप निरीक्षक रुपेन्द्र राजपूत को सम्मलित





करते हुए टीम का गठन कर अज्ञात आरोपी की तलास हेतु निर्देश किया गया ।। टीम के द्वारा घटना स्थल मे उपलब्ध भौतिक साक्ष्य ,म्रतिका के शव का निरीक्षण, घटना स्थल के आसपास मौजूद ग्राम वासियों से पूछताछ व संदेहियो के द्वारा उपयोग किये गये मोबाईल के सायबर विशलेषण उपरांत संदेह होने पर घटना स्थल म्रतिका कल्ली पटेल की झोपडी के पास रहने वाले तिलकधारी यादव के भतीजे आशीष उर्फ रोहित यादव से पूछताछ की जिसने घटना दिनांक 14/02/24 को गाय भैंस को भूसा खिलाते वक्त म्रतिका को अपने घर से पीछे खेत की तरफ जाता हुआ देखना और चुपके से उसके पीछे जा कर अपनी काम वासना की पूर्ती हेतु कल्ली पटेल को जमीन पर पटक देना और विरोध करने पर सिर मे पत्थर पटक कर हत्या कर देना पाया गया । जिस पर आज दिनांक 22/02/24 को आरोपी रोहित उर्फ आशीष यादव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया बाद जेल वारंट बनने पर जेल दाखिल किया गया । गिरफ्तार आरोपी का नामङ्क आशीष उर्फ रोहित यादव पिता दुर्गा प्रसाद यादव उम्र 22 साल निवासी लालपुर हाल गुंझिर थाना जसो,जिला सतना ।सराहनीय भूमिकाङ्क निरीक्षक रोहित यादव ,उनि.के.एन मिश्रा,सउनि प्रहलाद कुशवाहा, सउनि एस.एल रावत, प्रआर अखिलेश्वर सिंह,संत कुमार ,आर.सतीष पटेल,राहुल द्विवेदी,रावेन्द्र रायकवार,पिंटू कुशवाहा,अजय विश्वकर्मा,संजय यादव श्रवण शर्मा व थाना स्टाफ ।सायबर टीम- उनि. रुपेन्द्र राजपूत,सउनि दीपेश,प्रआर् संदीप तिवारी,प्रआर् रामभान तिवारी की सराहनीय भूमिका रही ।

**कब्बाली में हुआ जोरदार मुकाबला**

# पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में अयोजित हो रहा सिरोंज महोत्सव मेला



**सिरोंज**
**अभिषेक कुशवाह**

पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित हो रहे सिरोंज महोत्सव मेले में नागरिको के मनोरंजन के लिए लगातार आयोजित हो रहे सांस्कृतिक आयोजनो की श्रृंखला में बुधवार को कब्बलिया आयोजित की गई। नगर की गंगा जमुनी तहजीब के मुताबिक हिन्दू एवं मुस्लिम बंधुओ ने देर रात तक इन कब्बालियो का लूफ्त लिया। देश के मशहूर कब्बाल शरीफ परवाना ओर तनवीर कौसर की जुगल बंदी ने सिरोंज महोत्सव मेले में ऐसा समां बाँधा जिससे श्रोतागण देर रात तक मेले में जमे रहे। कब्बालियो को सुनने के लिए मेले में देर शाम से ही नागरिको की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी रात करीब नौ बजे मंच पर पहुँचे शरीफ परवाना ने स्वागत के उपरांत अपनी चिरपरिचित अंदाज में सबसे पहले नवी की शान में गजल गाकर शुरुआत की। उनके बाद जब तनवीर कौसर की बारी आई तो उन्होंने भी अपनी गजलों से जनता की खूब दाद बटोरी। इस दौरान भाजपा नेताओं सहित नागरिको ने जमकर लुफ्त लिया। विधायक उमाकांत शर्मा की पहल पर मेले में मुस्लिम बंधुओ के लिए आयोजित कब्बाली कार्यक्रम का शुभारम्भ नपा उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ,मंडल महामंत्री सुमंत मित्तल ने पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा विगत वर्ष से पूर्व मंत्री शर्मा की स्मृति में सिरोंज महोत्सव एवं मेले का आयोजन प्रारम्भ किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नड़र गौरी,सचिन शर्मा, बलजीत यादव,ड़ सोनी,अशोक रावल,राजीव नेमा,सहित गणमान्य नागरिक एवं सेकड़ो की संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

**आज होगी सिंगिंग नाईट– 24 को कवि सम्मेलन–** मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में 22 फरवरी को सिंगिंग नाईट का आयोजन होगा जिसमें मशहूर गायक बॉबी ओर रेशमा की जुगल जोड़ी ड़िल्मी गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा 23 फरवरी को बॉलीवुड डाँस नाईट का आयोजन होगा। 24 फरवरी को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी मेला प्राँगण में सम्पन्न होगा जिसमें देश के प्रख्यात कवि एवं लाफ्टर किंग प्रताप फौजदार, वीररस के कवि जैन सौरभ जैन, हास्य के विस्फोटक दिनेश देशी घी, हास्य कवि विनोद पाल, श्रृंगार रस की कवियत्री खुशबू शर्मा सहित कविताओं,गजल, गीत,हास्य, व्यंग की अनेक जाने माने कविगण मौजूद रहेंगे।

# कक्षा 10वीं के 18951 विद्यार्थियों ने हल किया विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आज 22 फरवरी को मप्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा के विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र जिले के 95 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े ने बताया कि कक्षा 10वीं के विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 19648 विद्यार्थियों में से 18951 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 697 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें। इस प्रकार नियमित कुल दर्ज विद्यार्थी 16957 में से 16580 विद्यार्थी उपस्थित हुए तथा 377 अनुपस्थित रहें। जबकि स्वाध्यायी 2691 कुल दर्ज विद्यार्थियों में से 2371 विद्यार्थी उपस्थित तथा 320 विद्यार्थी

# 10 ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की 10 दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए इच्छुक समितियां एवं समूहों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन पत्र 29 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं।जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भारत सिंह जमरे ने बताया कि जनपद पंचायत खरगोन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांगरूल बुजुर्ग एवं दसंगा, जनपद पंचायत महेश्वर के अंतर्गत सिटोका, महोद में, जनपद पंचायत बडवाह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिंजलवाड़ा, फनगांव, जुलवानिया व टेमला एवं जनपद पंचायत कसरावद के अंतर्गत ग्राम पंचायत बामन्दा और बारदेवला में नवीन उचित मूल्य दुकान खोली जाना है। इन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट पर किये जा सकते हैं।उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम के अंतर्गत वर्गीकृत उपभोक्ता सोसायटी, विपणन सोसायटी, उत्पादक सोसायटी, संसाधन सोसायटी, बहुप्रयोजन सोसायटी, महिला स्व सहायता समूह एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति पात्रता रखती है। इन पंचायतों में उचित मूल्य दुकान खोलने के इच्छुक पात्र समितियां एवं समूह 29 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 01 मार्च को आवेदनों की समीक्षा, 02 मार्च को दुकान आवंटन के आदेश तथा 04 मार्च को दुकान का प्राधिकारी पत्र जारी किया जाएगा।

# एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन जिला विदिशा के उपाध्यक्ष नियुक्त हुए सलमान अमीन



एडवोकेट शोएब खान के निवास पर फूल माला पहनाकर किया स्वागत

सिरोंज । एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष अल्ताफ खान की अनुशंसा पर जिला उपाध्यक्ष पद पर सलमान अमीन को नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर शहर के समाज सेवी एडवोकेट शोएब खान के निवास पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के सहाफी लोग शामिल हुए जिसमें सभी लोगो के द्वारा हर फूल पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान रजी खान जुनैद खान नदीम खान हाफिज शम्स कमर अनीस भाई कवि गोरी फहीम गोरी शफीक खान भूरा भाई पूर्व पार्षद पार्षद फहीम खान आदि लोग उपस्थित हुए ।

# ब्रांडिंग, पेटेंट, पंजीकरण से संबंधित एक दिवस कार्यशाला का आयोजन, जनपद गोहाद

**महेन्द्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

गोहद सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वाधान में, इंडिया एस. एम. ई. फोरम के माध्यम से चलाए जा रहे राष्टीय स्तर का आई. पी. आर. मिशन के तहत पेटेंट, डिजाइन, ट्रेड मार्क, लोगो रजिस्ट्रेशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत गोहद, जिला भिंड तारीख 22/02/2024 को कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दिनेश शाक्य (मुख्य कार्यकारी अधिकारी जनपद गोहद) श्री राजीव सिंह तोमर ( ), श्री सुशील अहिरवार व श्री संजय शर्मा (सहायक ब्लॉक प्रबंधक) जनपद पंचायत गोहद से उपस्थित रहे। कार्यशाला में 40 से ज्यादा उद्यमियों ने सहभागी की व कार्यक्रम की प्रशिक्षिका श्रीमति सीमा मिश्रा ने वीडियो और प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को ब्रांडिंग, पेटेंट,





डिजाइन, ट्रेड मार्क, लोगो रजिस्ट्रेशन के महत्व को बताया साथ ही अपने व्यवसाय को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए उपरोक्त सभी चीज क्यों आवश्यक होती है यह भी जानकारी दी।सम्पूर्ण कार्यक्रम में सभी उद्यमियों ने प्रशिक्षिका श्रीमती सीमा मिश्रा के साथ वार्तालाप कर कई प्रश्न पूछ कर इस कार्यशाला में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।साथ ही लता दीदी जो मशरूम की खेती करती है मैं और माननीय कलेक्टर महोदय से भी सम्मान प्राप्त कर चुकी है अपने उत्पाद की ब्रांडिंग के लिए पंजीकरण करवाया है।कार्यक्रम का सफल आयोजन जनपद पंचायत गोहाद में हुआ।कार्यक्रम का संचालन इंडिया एसएमई फोरम की श्रीमती सीमा मिश्रा ने किया।

# विकलांग बल ने मुख्यमंत्री के नाम भिंड विधायक को ज्ञापन पत्र सौपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

## भाजपा ने 1500 रूपये मासिक पेंशन देने की बात कही थी,उसको अभी तक लागू नही किया : सौरभ बघेल



भिण्ड। विकलांग बल प्रदेश सचिव सौरभ बघेल ने भिण्ड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम दो सूत्रीय ज्ञापन दिया । सौरभ बघेल का कहना है की अभी मध्यप्रदेश मे विकलांग जन की पेंशन मात्र 600 रूपये है हमारी पेंशन पहले 300 रूपये मासिक थी लेकिन कांग्रेस की सरकार ने इस पेंशन को ब?ाकर 600 रूपये मासिक करदी थी तब से लेकर आज तक मैजूदा सरकार ने हम विकलांग जन की सुध नहीं ली है7 मध्यप्रदेश में करीब साठ से सत्तर लाख जनसंख्या है विकलांग जन की और सभी जिलों मे करीब 20 से 30 हजार विकलांगजन है, लेकिन फिर भी हमारी बात सरकार नही सुन रही है । हम सभी मध्यप्रदेश के लाखों विकलांगजनों ने सरकार के प्रतिनिधि सांसद एवं विधायक तक पेंशन वृद्धि के आवेदन ज्ञापन दिए लेकिन अभी तक कोई सुनबाई नही हुई है 7 उन्होंने कहा की हमने मुख्यमंत्री जी को दो सूत्रीय ज्ञापन विधायक के माध्यम से दिया है जिसमे पहली माँग है की सरकार द्वारा जो घोषणा विधानसभा चुनाव में की गयी थी की श्री मोदी जी की गारंटी यानि गारंटी पूरी होने की गारंटी में वरिष्ठजन एवं दिव्यांग जन को 1500 रूपये मासिक पेंशन देने की बात कही गयी थी उसको अभी तक लागू नही किया गया है उस अधिसूचना को मुख्यमंत्री जी प्रमुखता से जारी कराने का कष्ट करें । इसी क्रम में दूसरा अनरोध था की मध्यप्रदेश मे अभी तक किसी भी जिले मे विकलांग जनों के लिए कोई विशेष भर्ती नही कराई गयी है हर जिले में अनेक पद रिक्त है प्रदेश सचिव ने अनुरोध किया है की मुख्यमंत्री महोदय जी आप प्रत्येक जिले में रिक्त पदों के लिए विशेष निशक्तजन भर्ती अभियान चलाये जिससे प्रदेश के होनहार शिक्षित विकलांग भाई बहिन को रोजगार मिल सके ।

# प्रदेश में 10वा स्थान पाकर बहु ने बंथरी गांव का किया नाम रोशन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-यू तो बंथरी गांव पहले से ही चर्चाओं में बना रा रहा है बहु और बेटियों की बजय से, जहाँ पहले बेटियों ने नाम रोशन किया था अब बही बहू ने बंथरी गांव का नाम रोशन किया है, आपको बता दे ग्राम बंथरी के स्वर्गीय श्री रामेंद्र सिंह राजावत की बहू ने इतिहास रच दिया है जिसमे हाल ही में मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा परिणाम दिनांक 20/02/2024 दिन मंगलवार को घोषित हुआ है, जिसमें रामा तोमर ने परीक्षा पास कर प्रदेश में दसवा स्थान



प्राप्त किया है, जो कि मिरघान जिला मुरैना से श्री इंदल सिंह तोमर की बेटी व स्व श्री रामेंद्र सिंह राजावत की बहू रामा तोमर ग्राम बंथरी जिला भिंड की बहू है जो पूर्व में तीन बार नेट और जेआरएफ परीक्षा पास कर नाम रोशन किया था इस बार भी नाम रोशन कर दिया ।आपको बता दे कि रामा तोमर ने ग्वालियर में अपने पति राहुल राजावत एवम दो बच्चो के साथ रह कर पढ़ाई करके यह सफलता हाशिल की है। जबकि रामा का कहना है कि माता पिता एवम सास ससुर, गुरुजनों का ही आशिर्बाद साथ ही अपने साथियों के सहयोग भी रहा जिनकी बजय से आज यह सफलता हाशिल की है।

### मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा है: ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित शिविर में किए हितलाभ वितरण

**महेन्द्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर** दिनांक - विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा है, हम सेवक हैं आपकी सेवा ईमानदारी से करेगें। जगह जगह कैंप आयोजित किए जा रहे हैं जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ आप तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही कहा कि ग्वालियर विधानसभा में हजारों परिवारों को निशुल्क राशन मिल रहा है। शिविर में श्री बृजमोहन शर्मा, श्री अखिलेश, श्री इंद्रपाल जनवार, श्री पन्नालाल, श्री राकेश निगम सहित बडी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। शिविर के नोडल अधिकारी ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 03 वार्ड नंबर 15 के अंतर्गत जती की लाइन में



आयोजित शिविर में स्वास्थ्य के 1650, पीएम स्वनिधि 98, आयुष्मान 107, उज्वला योजना के 117, आधार कार्ड 126 सहित कुल 4629 हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 1 के अंतर्गत वार्ड 5 बदनापुरा में आयोजित शिविर में 5030 हितग्राहियों ने लाभ लिया। शिविर में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उज्वला योजना एवं आयुष्मान कार्ड योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसमें पीएम स्व निधि, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, अमृत योजना, पीएम मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम जन औषधि जन योजना, उजाला योजना, सौभाग्य योजना एवं खेलो इंडिया के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शिविर स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। आप अपने क्षेत्र के शिविर में शामिल होकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**शिविर में आये हितग्राहियों की सुनी समस्या**-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शिविर में आये बडी संख्या में हितग्राहियों की समस्या बारी बारी से उनके पास जाकर सुनी। कुछ समस्याओं का



निराकरण त्वरित ही करा दिया गया तथा कुछ समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**23 को विभिन्न स्थानों पर आयोजित होगें शिविर** - भारत विकसित संकल्प यात्रा के द्वारा आज इन स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएगें। जिसमें दिनांक 23 फरवरी 2024 को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 01 के अंतर्गत वार्ड नंबर 4 में काली माता मंदिर के पास एवं क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 07 के अंतर्गत वार्ड नंबर 02 में घोशीपुरा रेलवे स्टेशन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# खनेता आश्रम की बहुत बड़ी अपार महिमा है,जहां संतों का संगम होता है वहां सनातन धर्म मजबूत होता है : नरेंद्र सिंह तोमर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारत सरकार में पूर्व कृषि मंत्री एवं मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अपने एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र गोहद के प्रमुख धार्मिक स्थल खनेता पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल हुए।

मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गोहद में श्री रघुनाथ जी मंदिर विजयराम धाम खनेता में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास जी महाराज जी के द्वारा 18 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित विशाल आध्यात्मिक समारोह के समापन अवसर पर आज सम्मिलित होने का अवसर मिला।इस अवसर पर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया और समारोह में मौजूद विशाल जनसमूह को सम्बोधित किया।कार्यक्रम के दौरान संत शिरोमणि श्री विजयराज दास जी महाराज की 26 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भक्तों के लिए लगने वाले टीन शेड कार्य का भी भूमिपूजन किया।विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि की खानेता नेता आश्रम की अपार महिमा है जहां संतों का संगम होता है वहां सनातन धर्म मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि



विजय दास जी महाराज ने अपने आध्यात्मिक विचारों के साथ समाज को सनातन की ओर जागृत किया है। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कथा महापुराण एवं श्री राम कथाएं हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। हर व्यक्ति को जिसका स्मरण भाव से सुनना चाहिए।उन्होंने कहा कि विजय दास जी महाराज ने अपने आध्यात्मिक विचारों से ही नहीं एवं उनमें भगवान की श्री भक्ति का उनके हृदय में संचार था जिन्होंने आश्रम को एक अच्छे धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य किया है। अब महामंडलेश्वर श्री महंत राम भूषण दास जी महाराज के द्वारा पूर्व में भी संत सम्मेलन का आयोजन इसी स्थान पर किया गया था। महाराज जी कृपा से यह कार्यक्रम समाज के अंतिम भक्तों तक पहुंच रहा है यही भाव हर व्यक्ति में बना रहे इससे हमारे सनातन धर्म मजबूत हो और हम अपनी भारतीय संस्कृति की ओर जागृत हुआ लाइन यही संत सोमणीय विजय राज जी महाराज के लिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित होगी।विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आश्रम पर चल रहे वृंदावन से आए श्रीमद् भागवत कथा के पश्चात रासलीला के आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की झांकी पर माल्यार्पण करते हुए उनका पूजन किया और आशीर्वाद ग्रहण किया और कहा की रासलीला के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कलाकारों द्वारा दिखाया जाता है यही उत्साह और उमंग हमारे सनातन की ओर बना रहे ठाकुर जी उन पर अवश्य कृपा करेंगे।भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का खानेता आश्रम जाते समय गोहद में भाजपा इकार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ अगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर आदि पार्टी कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद थे।

# नहीं आएंगे पीएम मोदी, वर्चुअल होगा एयर टर्मिनल का शुभारंभ, 95 अन्य कार्य भी शामिल

**ग्वालियर,।** ग्वालियर के ड्रीम प्रोजेक्ट नए एयर टर्मिनल के शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्वालियर नहीं आएंगे, वे वर्चुअल ही टर्मिनल का शुभारंभ करेंगे। मोदी के आगमन के चलते ग्वालियर में पिछले 15 दिनों से तैयारियों की जा रहीं थीं अफसर लगातार बैठक ले रहे थे और निरीक्षण चल रहे थे।

**95 अन्य कार्य भी शामिल**-बार बार तिथि सामने आ रहीं थीं लेकिन आगमन टल गया और वर्चुअल ही तय हुआ। 29 फरवरी को मोदी विकसित भारत की तर्ज पर ÷विकसित मध्यप्रदेश÷ के विशेष कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। यहीं से ग्वालियर जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे, जिसमें लगभग 500 करो? रूपए की लागत से नवनिर्मित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल का लोकार्पण भी प्रस्तावित है।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर 29 फरवरी को जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को



जिम्मेदारियां सौंपी।उन्होंने जानकारी दी कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल के लोकार्पण कार्यक्रम के साथ-साथ राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक स्थान और जिले के सभी नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअली विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किया जायेगा। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित होंगे।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित करें।साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने व सुनने के लिए उत्तम व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।इन विधानसभाओं में होंगे कार्यक्रमबैठक में जानकारी दी गई कि 29 फरवरी को ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विक्रांत विश्वविद्यालय परिसर, ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में इंटक मैदान, ग्वालियर पूर्व में बाल भवन, ग्वालियर दक्षिण में टाउन हाल (महाराज बा?ा) तथा डबरा व भितरवार में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कलेक्टर ने हरेक आयोजन के लिये अलग-अलग अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, छाया, पार्किंग व सीधा प्रसारण देखने व सुनने की पुख्ता व्यवस्था की जाए।तानसेन रेजीडेंसी में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार,अपर कलेक्टर अंजू अरुण कुमार व टीएन सिंह, जिले के सभी एसडीएम व एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अंतर विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय युवा उत्सव 23 फरवरी से ग्वालियर।



अंतर विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय युवा उत्सव इस बार जीवाजी विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो. जेएन गौतम एवं रेक्टर प्रो. डी एन गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी से 25 फरवरी तक जेयू के अटल सभागार सहित चार स्थानों पर होगा। इस तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ जेयू के अटल सभागार में सुबह 11.30 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.अरविंद कुमार शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता जेयू के कुलगुरू प्रो.अविनाश तिवारी करेंगे।इस अन्तर विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय युवा उत्सव में मध्य प्रदेश राज्य के 15 से अधिक विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी, संगतकार, दल प्रभारी भाग लेंगे।कार्यक्रम में 11 विश्वविद्यालयों के 700 प्रतिभागी सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं चित्रकला की विभिन्न 22 विधाओं में अपनी कला-कौशल का प्रदर्शन करेंगे।सांस्कृतिक, साहित्यिक व चित्रकला की विभिन्न 22 विधाएँ जेयू के पांच अलग-अलग स्थानों जैसे गालव सभागार, अटल सभागार, ऑपन थियेटर मंच एवं आर्ट गैलरी में आयोजित होंगी। 23 फरवरी को सुबह 9 बजे विवेकानन्द पार्क से अटल सभागार तक सांस्कृतिक रैली निकालकर प्रतिभागी सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलाधिसचिव प्रो.डीएन गोस्वामी, प्रो.आईके पात्रो, प्रो.एसएन मोहपात्रा, प्रो.मुकुल तेलंग, प्रो.महेंद्र गुप्ता,डॉ.विमलेन्द्र सिंह राठौर उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड को सदैव दृढ़ संकल्पित होना चाहिए : महेंद्र यादव

ग्वालियर। भारत स्काउट गाइड जिला संघ ग्वालियर में विश्व चिंतन दिवस पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं सम्मान समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य बीज विकास निगम महेंद्र सिंह यादव ने स्काउट गाइड और लीडर्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड को सदैव दृढसंकल्पित, अपने कार्य के प्रति सजग एवं समर्पित होना चाहिए। ग्वालियर में नगर के स्काउट गाइड और शिक्षकों ने स्काउटिंग के जनक लॉर्ड बेडेन पावेल दंपत्ति का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश श्रीवास्तव योजना अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी ग्वालियर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री अपर्णा कुशवाह सहायक सांख्यकीय अधिकारी,सुरेन्द्र सिंह भदौरिया प्रांताध्यक्ष मप्र राज्य कर्मचारी संघ, एस डी उपाध्याय कोषाध्यक्ष, डीटीसी सुरेश चंद्र शर्मा, श्रीमती साधना अग्निहोत्री, बृजेन्द्र सिंह कुशवाह, श्रीमती विमला मिश्रा उपस्थित थे। राजेश श्रीवास्तव ने स्काउट गाइड को सेवा के माध्यम से अपनी जीवनचर्या शुरू करने और अपने आप को समाज के लिए उपयोगी बनने की सार्थकता पर जोर दिया। अपर्णा कुशवाह ने लॉर्ड बेडेन पावेल के जीवन पर प्रकाश डाला। सुरेश चंद्र शर्मा ने स्काउट की



प्रतिज्ञा एवं नियमों को विस्तार से बताया प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रअ कमलेश तोमर, विष्णु अग्रवाल, राजेन्द्र ठाकुर, रामचंद्र स्वामी, जेपी व्यास,भवर सिंह सिकरवार, धर्मेन्द्र सिकरवार, आदेश द्विवेदी, संगीता आर्य प्रार्थना कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बेडेन पावेल दंपति के चित्र पर माल्यार्पण, अतिथियों को स्कार्पिंग के साथ हुआ। सर्वधर्म प्रार्थना का सफल संचालन सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट संभाग ग्वालियर शंकर सिंह ने किया।

सर्वधर्म प्रार्थना पश्चात वरिष्ठ स्काउटर डी ओ सी सुरेश चंद्र शर्मा, श्रीमती साधना अग्निहोत्रीश सम्मानित किया गया। साथ ही स्काउट गाइड की गतिविधियों के सफल संचालन में सहयोगी सभी स्काउट गाइड एवम पदाधिकारी, रोवर रेंजर को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर दीप्ति गो?, निधि मुद्गल, हेमलता साहू, प्रीतम गोयल, राजकुमारी शर्मा, गगन शर्मा, राजू वर्मा, प्रताप माहौर, नरेंद्र पिप्पल,शिव सिंह गुर्जर, हेतराम शर्मा, ब्रजेश शुक्ल, साधना वर्मा, अनिता शुक्ला सहित वरिष्ठ प्रशिक्षकों सहित ओपन दल के प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ कर भाग लिया

### 3मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा है: ऊर्जा मंत्री तोमर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित शिविर में किए हितलाभ वितरण



ग्वालियर 7 विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा है, हम सेवक हैं आपकी सेवा ईमानदारी से करेगें। जगह जगह कैंप आयोजित किए जा रहे हैं जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ आप तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही कहा कि ग्वालियर विधानसभा में हजारों परिवारों को निशुल्क राशन मिल रहा है। शिविर के नोडल अधिकारी ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 03 वार्ड नंबर 15 के अंतर्गत जती की लाइन में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य के 1650, पीएम स्वनिधि 98, आयुष्मान 107, उज्वला योजना के 117, आधार कार्ड 126 सहित कुल 4629 हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 1 के अंतर्गत वार्ड 5 बदनापुरा में आयोजित शिविर में 5030 हितग्राहियों ने लाभ लिया। शिविर में ऊर्जा मंत्री तोमर ने उज्वला योजना एवं आयुष्मान कार्ड योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसमें पीएम स्व निधि, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, अमृत योजना, पीएम मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम जन औषधि जन योजना, उजाला योजना, सौभाग्य योजना एवं खेलो इंडिया के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शिविर स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। आप अपने क्षेत्र के शिविर में शामिल होकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने शिविर में आये बडी संख्या में हितग्राहियों की समस्या बारी बारी से उनके पास जाकर सुनी। कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित ही करा दिया गया तथा कुछ समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। शिविर में बृजमोहन शर्मा, अखिलेश, इंद्रपाल जनवार, पन्नालाल, राकेश निगम सहित बडी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। भारत विकसित संकल्प यात्रा के द्वारा आज 23 फरवरी को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 01 के अंतर्गत वार्ड नंबर 4 में काली माता मंदिर के पास एवं क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 07 के अंतर्गत वार्ड नंबर 02 में घोशीपुरा रेलवे स्टेशन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478